संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -171 रविवार ,23 अप्रैल 2023,पृष्ठ - 8+4 मूल्य 2 रूपये

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बम से उड़ाने की धमकी

### कार्यक्रम से जुड़ी सुरक्षा डिटेल्स लीक

**तिरूवनन्तपुरम,22अप्रैल 2023 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर जान से मारने की धमकी दी गई है. केरल पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आत्मघाती बम हम हमले की धमकी वाली चिट्ठी की जांच शुरू कर दी है. बता दें कि पीएम मोदी 24 और 25 अप्रैल को केरल का दौरा करेंगे जहां वो अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे

आत्मघाती बम से उड़ाने की धमकी सूत्रों की रिपोर्ट के मुताबिक जांच के क्रम में सामने आया है कि कोच्चि के एक निवासी द्वारा यह चिट्ठी लिखी गई थी. मलयालम में लिखी चिट्ठी बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन के दफ्तर में आई थी. धमकी भरे पत्र को केरल बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने बीते सप्ताह पुल सप्ताह पुलिस को सौंप दिया था.

एडीजीपी (खुफिया) की एक रिपोर्ट मीडिया में आने के बाद धमकी भरे पत्र की खबर सामने आई है. जैसे ही यह खबर बाहर आई, सुरेंद्रन ने मीडिया को संबोधित किया और और कहा कि उन्होंने एक सप्ताह पहले ही राज्य पुलिस प्रमुख को धमकी भरा पत्र सौंप दिया था खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है, पिछले हफ्ते, भाजपा राज्य समिति के अध्यक्ष को मलयालम में लिखा गया एक पत्र मिला था, जिसमें भारत के प्रधानमंत्री पर आत्मघाती हमलावर द्वारा हमला करने की धमकी दी गई थी. रिपोर्ट में यह भी कहा




गया है कि पत्र की सत्यता और इसके पीछे किस शख्स की भूमिका है उसकी जांच की जा रही है।

सुरेंद्रन ने आरोप लगाया कि पुलिस से खुफिया रिपोर्ट का लीक होना एक गंभीर गलती थी और इसकी जांच होनी चाहिए. 49 पन्नों की रिपोर्ट में ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के नाम, उनकी भूमिका, प्रधानमंत्री के विस्तृत कार्यक्रम चार्ट सहित अन्य बातों का विवरण दिया गया है।

केंद्रीय राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने भी एडीजीपी (खुफिया) रिपोर्ट के कथित लीक होने की निंदा की और कहा कि यह एक गंभीर मामला है. मुरलीधरन ने आरोप लगाया मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि कैसे प्रधानमंत्री की सुरक्षा से जुड़ी एक रिपोर्ट लीक हो गई और व्हाट्सएप पर वायरल हो गई. इसका मतलब है कि राज्य का गृह विभाग चरमरा गया है.

#### संदिग्ध से पूछताछ

इस बीच, कोच्चि निवासी एन जे जॉनी, जिसका नाम और नंबर कथित धमकी भरे पत्र में था, ने खुद को इस मामले में निर्दोष बताया है.

उन्होंने मीडिया से कहा, पुलिस ने मुझसे पूछताछ की है, मैंने उन्हें सारी जानकारी दी है. उन्होंने लिखावट और हर चीज की जांच की. उनके परिवार ने कहा कि उन्हें इलाके के एक अन्य व्यक्ति पर शक है.

बताया जा रहा है कि इस पत्र के पीछे एक चर्च से संबंधित कोई विवाद है. रिपोर्ट के अनुसार, तिरुवनंतपुरम और कोच्चि शहर में पीएम मोदी के कार्यक्रम में लगभग 2,000 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है।

# बिहार को किया बर्बाद,10 लाख नौकरी कहां से देंगे

### » वैशाली में पीके का उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर हमला

**हाजीपुर,22अप्रैल 2023(ए)।** जन सुराज पदयात्रा के तहत वैशाली जिले के चेहराकला में प्रशांत किशोर ने सूबे के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर बड़ा सियासी हमला बोला है।

पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने डिप्टी सीएम पर तंज कसते हुए कहा कि पन्द्रह साल में बिहार को बर्बाद करने वाले लोग 10 लाख नौकरी कहां से दे देंगे, उन्हें भी नहीं पता।

इसके पहले पदयात्रा के 203वें दिन की शुरुआत चेहराकला प्रखंड अंतर्गत खाजेचंद छपरा पंचायत स्थित पदयात्रा शिविर से हुई। उसके बाद प्रशांत किशोर ने पत्रकारों के साथ संवाद किया।

उन्होंने बताया कि पदयात्रा 2500 किमी से अधिक की दूरी तय कर चुकी है। पश्चिम चंपारण से शुरू हुई पदयात्रा शिवहर, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सिवान, सारण होते हुए वैशाली जिले पहुंची है।

वैशाली में पदयात्रा अभी 15 से 20 दिन और चलेगी और इस दौरान अलग-अलग गांवों और प्रखंडों से गुजरेगी। उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम ने घोषणा कर दी थी कि जैसे ही सरकार बनेगी तो 10 लाख नौकरियां दे देंगे।

ये नई सरकारी नौकरियां कहां से देंगे,




जब जो लोग सरकारी नौकरियों में पहले से हैं, उनको ही सरकार वेतन नहीं दे पा रही है।

लेकिन बिना सोचे समझे उन्होंने घोषणा कर दी कि पहली ही कैबिनेट में 10 लाख नौकरियां दे देंगे। लेकिन अगस्त में महागठबंधन की सरकार बनी थी तब से अब तक कोई कैबिनेट की बैठक नहीं हुई क्या?

महागठबंधन सरकार बनने के बाद जैसी आशंका थी, अपहरण, लूट, डकैती की घटनाएं बहुत तेजी से बढ़ रही हैं। आज शराब और बालू माफियाओं का सबसे बड़ा फलता-फूलता कारोबार स्थापित हो चुका है।

#### पीके ने मांझी पर भी निशाना

प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार के लोगों को लगता है कि नेता जाति की राजनीति करते हैं, लेकिन मैं आपको कह रहा हूं कि नेता कभी जाति की राजनीति नहीं करता है। इसमें तो जनता फंसी है। नेता लोग तो अपने परिवार और बेटे की चिंता करते हैं।

प्रशांत किशोर ने इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लालू यादव अकेले नहीं हैं।

कोई मांझी है, कोई कुशवाहा है, कोई पासवान, जो जिस जाति का नेता है वो अपने और अपने बच्चों की चिंता कर रहे हैं।

उन्होंने पूछा कि क्या जीतनराम मांझी के सीएम बनने से मुसहर समाज का भला हो गया। क्या यादव समाज में अब कोई गरीब नहीं है।

पीके ने कहा कि बिहार में विकास पर किसी को ध्यान नहीं है। लोगों को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। जाति में तो आप और हम उलझे हुए हैं।

# प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह का बड़ा बयान




### » विपक्ष ने की अतीक-अशरफ की हत्या,खुल जाते कई राज

**चंदौसी,22अप्रैल 2023(ए)।** जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि अतीक हत्याकांड में सरकार का नाम जोड़ना पूरी तरह से गलत है। सरकार न्यायिक प्रक्रिया के तहत काम कर रही है और आगे भी करती रहेगी। जहां तक अतीक की हत्या का सवाल है तो यह सब विपक्ष का काम है। ऐसे काम वह ही बेहतर ढंग से करते हैं। वे यहां भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में चंदौसी के शक्तिनगर स्थित कार्यालय पहुंचे थे।

#### नसीहत के बाद भी दिया बयान

प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह का बयान तब आया है जबकि इस मुद्दे को लेकर प्रदेश की राजनीति में भूचाल है। विपक्ष पूरी तरह से भाजपा के घेरने में जुटा है। हालांकि अतीक मामले में सरकार भी अपने मंत्रियों को फूंक फूंककर कदम उठाने व अनर्गल बयानों से बचने की नसीहत दे रही है। प्रेस से वार्ता के दौरान पूछे गए एक सवाल के जवाब में प्रभारी मंत्री ने कहा कि पूर्व की सपा की सरकार के कार्यप्रणाली को जनता देख चुकी है। अतीक अहमद सपा की ही देन है। अपराधी से नेता बनाने का काम सपा ने किया है। जहां तक उसकी हत्या की बात है तो यह सब विपक्ष की ही साजिश है।

#### अतीक के सीने में थे कई राज

धर्मपाल सिंह ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि यह हत्या उनके द्वारा ही कराई गई है। क्यों कि अतीक के सीने में कई राज थे और यह यदि बाहर आ जाते तो कई की कलई खुल सकती थी। यह राज अतीक की मौत के साथ ही दफन हो जाए इसीलिए यह हत्या कराई गई है। हालांकि इसके बाद पूछे गए इससे जुड़े अन्य सवाल पर उन्होंने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया।

# इसरो ने लॉन्च किए दो सैटेलाइट

### » समुद्री सुरक्षा और मौसम की जानकारी के लिए है बहुत खास

**नई दिल्ली ,22अप्रैल 2023 (ए)।** सिंगापुर के दो उपग्रहों को लेकर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ( इसरो) के पीएसएलवी सी 55 रॉकेट ने शनिवार को यहां स्थित अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी। यह जानकारी इसरो ने दी।



यह रॉकेट समर्पित वाणिज्यिक मिशन के तहत न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के माध्यम से प्राथमिक उपग्रह के रूप में 'टेलीओएस-2' और सह-यात्री उपग्रह के रूप में 'ल्यूमलाइट-4' को लेकर रवाना हुआ और दोनों उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित कर दिया। ये सैटेलाइट समुद्री सुरक्षा और मौसम की जानकारी देंगे।

ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) के जरिए सिंगापुर के दो उपग्रहों का प्रक्षेपण करने के लिए शुक्रवार को यहां सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में 22.5 घंटे की उलटी गिनती शुरू हुई (ढ्ढस्त्रह्) थी। मिशन के तहत चेन्नई से लगभग 135 किलोमीटर दूर स्थित अंतरिक्ष केंद्र से 44.4 मीटर लंबा रॉकेट दोनों उपग्रहों को लेकर प्रथम लॉन्च पैड से रवाना हुआ और बाद में इसने दोनों उपग्रहों को इच्छित कक्षा में स्थापित कर दिया।

# राहुल ने 19 वर्षों के बाद खाली किया सरकारी बंगला

**नई दिल्ली,22अप्रैल 2023(ए)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मानहानि के मामले में दोषी ठहराए जाने और सांसद के रूप में अयोग्य घोषित किए जाने के हफ्तों बाद शनिवार को अपना आधिकारिक बंगला खाली कर दिया। जानकारी के मुताबिक, उनका सामान पहले ही उनके आधिकारिक आवास से उनकी मां सोनिया गांधी के घर 10 जनपथ में स्थानांतरित कर दिया गया है।

#### राहुल गांधी ने कहा- सच बोलने की मिली सजा

सरकारी बंगला खाली करने के बाद, राहुल गांधी ने कहा, हिंदुस्तान के लोगों ने मुझे 19 साल के लिए यह घर दिया, मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं, लेकिन अब मुझसे घर छीन लिया गया। आजकल सच बोलने की कीमत चुकानी पड़ती है। मैं सच




बोलने के लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हूं।

#### क्या है पूरा मामला ?

इससे पहले, राहुल गांधी को मोदी सरनेम टिप्पणी मामले में सूरत की एक अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के बाद वायनाड के सांसद के रूप में उनकी अयोग्यता के बाद 22 अप्रैल तक उन्हें आवंटित सरकारी बंगला खाली करने के लिए कहा गया था। पीटीआई से मिली जानकारी के अनुसार, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने 14 अप्रैल को अपने कार्यालय और कुछ निजी सामानों को बंगले से अपनी मां सोनिया गांधी के आधिकारिक आवास में स्थानांतरित कर दिया था। पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि राहुल गांधी ने शुक्रवार शाम बंगले से अपने बचे हुए सामान को हटा दिया है। एक ट्रक को उनके सामान के साथ इमारत से बाहर निकलते देखा गया।

करीब दो दशक से राहुल गांधी बंगले में रह रहे हैं। पीटीआई सूत्रों ने कहा कि अपना कार्यालय बदलने के बाद, वह अपनी मां और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ उनके 10, जनपथ स्थित आवास पर रहने लगे हैं।

सूरत की एक अदालत ने 23 मार्च को गांधी को एक आपराधिक मानहानि मामले में दोषी ठहराया और उन्हें दो साल की सजा सुनाई, जिससे उनकी अयोग्यता हो गई। उन्होंने सूरत की सत्र अदालत में मजिस्ट्रियल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी, जिसने सजा को रद्द करने की उनकी अपील को खारिज कर दिया था।

उनकी अयोग्यता के एक दिन बाद, लोकसभा सचिवालय ने गांधी को 22 अप्रैल तक परिसर खाली करने का नोटिस भेजा।

# दिल्ली की अदालत ने राजेश जोशी की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली ,22अप्रैल 2023 (ए)।** दिल्ली की एक अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही आबकारी नीति से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रथ प्रोडक्शंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक राजेश जोशी की जमानत अर्जी पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। जोशी पर 2022 के गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) का अभियान चलाने का आरोप है। जोशी की जमानत याचिका पर बहस के निष्कर्ष पर, राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने कहा कि अदालत 28 अप्रैल को इस पर आदेश पारित करेगी।

न्यायाधीश ने कहा, सह अभियुक्त मनीष सिसोदिया की जमानत अर्जी पर विचार/स्पष्टीकरण/आदेश के लिए 26 अप्रैल तथा अन्य अभियुक्त गौतम मल्होत्रा की जमानत अर्जी इसी प्रयोजन के लिए 28 अप्रैल नियत की




गई है। सिसोदिया की जमानत अर्जी पर आदेश पहले से ही लिखा हुआ है। इसलिए, इस आवेदन को भी 28 अप्रैल को विचार/स्पष्टीकरण/आदेश के लिए मल्होत्रा की जमानत अर्जी के साथ सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया जाता है।

जोशी को 8 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। ईडी की चार्जशीट में कहा गया है कि रद्द की गई दिल्ली आबकारी नीति में उत्पन्न कथित 100 करोड़ रुपये की किकबैक का एक हिस्सा अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप के 2022 के गोवा विधानसभा चुनाव अभियान में इस्तेमाल किया गया था। ईडी का मनी लॉन्ड्रिंग मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की प्रथम सूचना रिपोर्ट से उपजा है।

# अमृतसर में किसान के खेत में गिरा पाक ड्रोन

### » बीएसएफ ने 35 करोड़ की हेरोइन भी की जब्त

**अमृतसर ,22अप्रैल 2023 (ए)।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर देर रात 2 जगह पाक तस्करों की तरफ से तस्करी का प्रयास किया गया है। सरहदी गांव मुहावा के एक किसान के गेहूं के खेत में पाकिस्तानी ड्रोन मिला, जोकि क्रैश यहां क्रैश हुआ था। जानकारी के अनुसार आज खेत में कंबाइन



से गेहूं की कटाई की जा रही थी। इस दौरान गेहूं के खेत में गिरा एक पाकिस्तानी ड्रोन देखा गया। लोगों ने तुरंत थाना घरिंडा की पुलिस को ड्रोन के बारे जानकारी दी और पुलिस ने मुहावा गांव के गेहूं के खेतों में पड़ा उक्त ड्रोन बरामद कर लिया। ड्रोन के साथ एक पैकेट भी बंधा हुआ था। वहीं खेप के सैंपल भी फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिए हैं।

# अब सीबीआई करेगी नगरपालिका भर्ती घोटाले की जांच

### » हाईकोर्ट ने 28 तक मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता ,22अप्रैल 2023 (ए)।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने सीबीआई को पश्चिम बंगाल में नगरपालिका भर्तियों में कथित घोटाले की जांच करने का निर्देश दिया है। स्कूल में नौकरी के लिए रिश्वत 'घोटाले' की जांच के दौरान प्रवर्तन निदेशालय को मिले सबूतों को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट ने ये निर्देश दिया है। ईडी ने हाईकोर्ट को बताया कि स्कूलों में नौकरियों से जुड़े रिश्वत घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार अयान सिल जैसे एजेंट पश्चिम बंगाल में विभिन्न नगर पालिकाओं में क्लर्क, सफाईकर्मी, चपरासी, ड्राइवर आदि की भर्ती में हुए कथित अवैध कामों में भी शामिल थे। इसके बाद जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय ने अपने आदेश में कहा कि मैं सीबीआई को नगर पालिका




भर्ती घोटाले में भी जांच करने का निर्देश देता हूं। जिसमें अयान सिल और उसके जैसे एजेंट आमतौर लाभार्थी हैं और दोनों मामलों में बड़े पैमाने पर पीड़ित आम लोग हैं। आदेश में उन्होंने निर्देश दिया कि अगर जरूरी हो तो सीबीआई कथित नगर पालिका भर्ती घोटाले से संबंधित मामले की जांच के लिए एक एफआईआर दर्ज कर सकती है। जस्टिस गंगोपाध्याय ने पश्चिम बंगाल के डीजीपी और राज्य के मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वे अपने अधीन सभी संबंधित विभागों को अनुरोध किए जाने पर नगरपालिका भर्ती में कथित घोटाले की जांच करते समय सीबीआई और ईडी को उनके कामकाज में मदद करने का निर्देश दें। कलकत्ता हाईकोर्ट ने सीबीआई को इस आदेश के आधार पर उठाए गए कदमों की जानकारी देने के लिए 28 अप्रैल को एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

# मुझे पता है वे इसका दोष निर्दोष पर डालेंगे



### पुंछ हमले पर बोले फारूक अब्दुल्ला

**जम्मू कश्मीर,22अप्रैल 2023 (ए)।**कांफ्रेस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने पुंछ में शहीद हुए 5 जवानों को लेकर अपना रुख साफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि आंतकी हमले की एनआईए जांच कर रही है। तो फिर निर्दोष लोगों को गिरफ्तार करना बंद करें।

इस मामले पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जब पुंछ आतंकी हमले की जांच शुरू हो गई है तो उन्हें निर्दोष लोगों को गिरफ्तार नहीं करना चाहिए। मै जानता हूं कि वे दोष निर्दोष लोगों पर डालेंगे, इसलिए मै नहीं चाहता कि निर्दोष लोग पीड़ित हों।

इससे पहले फारूक अब्दुल्ला इस मामले पर बोले कि जम्मू कश्मीर के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों को उन खामियों पर गौर फरमाना चाहिए। वह क्षेत्र जहां हमला हुआ वो सीमा से काफी लगा हुआ है। वहां सुरक्षा चूक हो सकती है। इसकी जांच करनी चाहिए।

बता दें कि जम्मू कश्मीर के पुंछ में आतंकवादी हमले में 5 जवाद शहीद हो गए। ये ग्रेनेड हमला के चपेट में आने से गाड़ी में बैठे जवानों की मौत हो गई। इसके साथ ही सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों की तलाश के लिए एक बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया।

वहीं, एनआईए की टीम ने घटना स्थल का दौरा कर उस वाहन और इलाके का निरीक्षण किया जिस पर हमला किया गया। इस मामले को लेकर अधिकारियों ने बताया कि पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह, एडीजीपी मुकेश सिंह सहित पुलिस और सेना के शीर्ष अधिकारियों ने इस अभियान की समीक्षा की है।

# केबीसी में लॉटरी लगने का झांसा देकर ठगी करने वाले 7 आरोपी बिहार से गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 22 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

केबीसी में 25 लाख रुपए की लॉटरी लगने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक महिला से कई किश्तों में डेढ़ लाख रुपए की ठगी कर ली थी। लॉटरी के रुपए नहीं मिलने पर महिला ने 23 मार्च को पुल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच पश्चात बिहार के अलग-अलग इलाके से 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों का पाकिस्तान व नेपाल कनेक्शन भी सामने आया है।



गौरतलब है कि सीतापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लिचीरमा निवासी 45 वर्षीय महिला सेववती पैकरा ने 23 मार्च की सुबह गांव से लगे मांड़ नदी पुल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। इसकी रिपोर्ट महिला के भतीजे विक्रम सिंह पैंकरा ने थाने में दर्ज कराई थी। जांच में सामने आया कि महिला के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा केबीसी में 25 लाख रुपए की लॉटरी लगने का झांसा दिया गया था।

महिला ने अपनी जमा पूंजी व कर्ज लेकर डेढ़ लाख रुपए आरोपियों द्वारा बताए गए खाता नंबरों में जमा किए थे। जब लॉटरी के रुपए नहीं मिले तो उसने आत्महत्या कर ली थी। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 306 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरु की।

आरोपियों की धरपकड़ के लिए आईजी के मार्गदर्शन व सरगुजा एसपी के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम का नेतृत्व एएसपी विवेक शुक्ला, सीएसपी स्मृतिक राजनाला, प्रशिक्षु आईपीएस चिराग जैन, एसडीओपी सीतापुर ध्रुवेश जायसवाल, अखिलेश कौशिक द्वारा की जा रही थी। पुलिस की जांच में ये बात सामने आई कि अज्ञात व्यक्तियों ने महिला के मोबाइल पर जिन फोन व व्हाट्सएप पंबन से कॉल किए गए थे, उसका आईपी एड्रेस पाकिस्तान का होना पाया गया।

वहीं ठगी कि रकम जिन-जिन खातों में ट्रांसजेक्शन हुआ था उन खाताधारकों का केवाईसी डिटेल एवं रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर साइबर सेल एवं विशेष पुलिस टीम द्वारा जांच की गई तो अधिकांश खाते पूर्णिया, कटिहार व आरा का होना पाया गया। अंतिम आहरण पूर्णिया बिहार एवं अन्य कुछ जगहों से होना पाया गया। जिन खातों से अधिक ट्रांजेक्शन हुआ था, उसपर कार्रवाई करते हुए साइबर सेल एवं विशेष पुलिस द्वारा पूर्णिया, कटिहार, आरा, पश्चिमी चम्पारण पहुंचकर मामले में शामिल 7 संदेहियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों में आशीष कुमार मण्डल निवासी कटिहार बिहार, शाहिद आलम निवासी पूर्णिया बिहार, शिवेंद्र कुमार निवासी कटिहार, चक्रवर्ती आनंद निवासी पूर्णिया, प्रदुमन कुमार सिंह निवासी आरा बिहार, वलिउल्लाह रियाज निवासी चम्पारण व मनीष मण्डल निवासी कटिहार बिहार शामिल हैं।

आरोपियों से 11 मोबाइल, 14 नग सिम, 2 पासबुक, 17 नग एटीएम एवं 11 हजार रुपए नगद बरामद किए गए। कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक कलीम खान, थाना प्रभारी सीतापुर एसआई शिशिरकान्त सिंह, उप निरीक्षक अनिल सोनवानी, प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह, आरक्षक पंकज देवांगन, अलोक गुप्ता, सत्येंद्र दुबे, संजीव चौबे, कुंदन सिंह, राहुल सिंह, रमेश प्रसाद व सुयश पैकरा शामिल रहे।

### पाकिस्तान व नेपाल के एजेंट के संपर्क में थे आरोपी

पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा भारत में रहकर निचले तबके के लोगों का अकाउंट खुलवा उन्हें छोटी रकम दे देते थे। फिर उनके खाते से सम्बंधित लेन देन स्वयं आरोपियों द्वारा किया जाता है। ये आरोपी पकिस्तान व नेपाल के एजेंट से संपर्क मे रहकर ठगी के पैसे में से अपना कमीशन लेकर पाकिस्तानी एजेंट द्वारा बताए खातों में पैसे भेज देते थे।

एक आरोपी ने बताया कि बाइनेंस नमक क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज मे अपने पाकिस्तानी आकाओं के कहने पर पैसे निवेश किए थे। इस मामले में टेरर फंडिंग सहित मनी लॉन्डरिंग की अग्रिम जांच भी की जा रही हैं।



## घुनघुट्टा नदी तट पर सूर्य और दुर्गा मंदिर निर्माण के लिए किया गया शिला पूजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

घुनघुट्टा नदी तट पर सूर्य मंदिर और मां दुर्गा मंदिर का शिला पूजन विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। मन्दिर निर्माण समिति के संरक्षक आदित्येश्वर शरण सिंह देव, अध्यक्ष राकेश गुप्ता, विधायक डॉ. प्रीतम राम, जिपं अध्यक्ष मधु सिंह, नारद एवं समिति के सदस्यों ने मंत्रोचार और हवन के साथ मन्दिर निर्माण की शिला रखी।

प्रातः उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पण के साथ पूजन प्रारम्भ हुआ। सिद्धपीठ के विद्वतजनों ने पूजन सम्पन्न कराया। विशाल हवन कुंड में दरिमा, सोहगा, करजी, और लिबरा के प्रतिनिधियों और श्रद्धालुजनों से हवन अर्पण कर मन्दिर की नींव का पहला पत्थर रखा। मन्दिर परिस में विभिन्न फलदार और छायादार पौधे लगाए गए।आयोजन में श्याम घुनघुट्टा सेवा समिति के अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता,संजीव कश्यप,दुर्गेश गुप्ता, प्रेम प्रकाश कुशवाहा, वायुश्री सिंह, ननकी सिंह, उत्तम राजवाड़े,सुनील मिश्रा,संदीप गुप्ता, विपिन कुशवाहा, परमेन्द्र सरजाल, रजनीश, महेश मुरारी, नरेंद्र, जीवन केशरी सहित दरिमा, लिबरा, सोहगा, करजी के सरपंच और पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए।

### गंगा आरती रहा विशेष आकर्षण

शिलापूजन कार्यक्रम का समापन गंगा आरती के साथ हुआ। वाराणसी के असी घाट के पुजारियों ने भव्य और आकर्षक गंगा आरती किया। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव, प्रगतिशील कृषक ताराचंद गुप्ता और गणमान्यजनों को उपस्थिति में अस्ताचलगामी सूर्य की आरती देखने आसपास के ग्रामीण अंचल के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## बाइक से अवैध कोयला परिवहन करते एक आरोपी हुआ गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 22 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

गांधीनगर थाना क्षेत्र में चोरी का कोयला बाइक से परिवहन किया जा रहा था। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कोयला लोड बाइक भी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।



जानकारी के अनुसार गांधीनगर पुलिस 21 अप्रैल को पेट्रोलिंग पर थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की ग्राम सुखरी मेन रोड में एक व्यक्ति बाइक से चोरी का कोयला परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी सुखरी निवासी दशरथ राम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके कब्जे से एक क्विंटल कोयला व बाइक जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधी नगर निरीक्षक धीरेन्द्र दुबे, सहायक उप निरीक्षक विनय सिंह, आरक्षक अरविंद उपाध्याय, अमृत सिंह, प्रविन्द्र सिंह, ऋषभ सिंह, घनश्याम देवांगन, श्याम लाल शामिल रहे।

## अक्ती तिहार की विशेषता एवं अन्न के उपयोगिता की दी गई जानकारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में अक्ती तिहार 2023 का शुभारंभ कृषि विज्ञान केन्द्र के सभागार में 22 अप्रैल को किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. आरबी तिवारी अधिष्ठाता के मार्गदर्शन में एवं प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. एसके सिन्हा के कुशल नेतृत्व एवं अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अजय तिर्की महापौर नगरपालिक निगम उपस्थित रहे। इस पर्व की गरिमा के अनुरूप बैगा द्वारा पूजन, पठन-पाठन के बाद धान एवं मक्का के बीजों की बुवाई खेतों में की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अजय तिर्की महापौर द्वारा छत्तीसगढ़ की गरिमा पर्व अक्ती तिहार की विशेषता एवं अन्न के उपयोगिता से अवगत कराया साथ ही उन्होंने अन्न से होने वाले स्वास्थ्य लाभ के महता बताए।



उपसंचालक कृषि पीएस दीवान एवं सूरजपुर जिले के उपसंचालक कृषि प्रदीप एक्का द्वारा अन्न के उत्पादन हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया गया एवं डॉ. जीपी पैकरा द्वारा किसानों को मधुमक्खी की खेती के महत्व एवं उससे होने वाले लाभ पर प्रकाश डाला। डॉ. राजेश चौकसे द्वारा मिट्टी की उपचार एवं कौन-सी मिट्टी किस फसल के लिए उपयुक्त है इस विषय पर प्रकाश डाला गया। डॉ. जितेन्द्र तिवारी द्वारा अल्प प्रयुक्त फसल की जानकारी दी गई। कृषकों को प्रदर्शनी का भ्रमण एवं कृषि आदान सामग्री का वितरण मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अन्त में कृषकों का प्रक्षेत्र भ्रमण डॉ. एसआर दुबोलिया, डॉ. सचिन जायसवाल एवं यमलेश निषाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. पीके भगत, डॉ. केएल पैकरा, डॉ. किरण तिग्गा, डॉ. रंजीत, डॉ. जहार सिंह, डॉ. नीलम चौकसे, डॉ. पीएस राठिया, डॉ. प्रीतान्शा भगत, बिरेन्द्र तिग्गा, डॉ. सचिन कुमार जायसवाल, वैभव जायसवाल, आर्यमा भारती, डॉ. आरएस सिदार, हरीश पाण्डेय, यमलेश निषाद, एपी यादव, डेविड खेस, लिली रश्मि एक्का, देवेन्द्र पैकरा, डॉ. अखिलेश लकड़ा, विकास साहू उपस्थित थे।



## तेज आंधी-तूफान में बिजली कटौती जारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 22 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा सहित दक्षिण छत्तीसगढ़ में पिछले तीन दिनों से मौसम बदला हुआ है। आसमान में बादल छाए हुए हैं। पिछले तीन दिनों से तेज आंधी तूफान के साथ हल्की बारिश हो रही है। शनिवार की दोपहर मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। आसमान में घने बादल छाए रहे। वहीं तेज आंधी के साथ हल्की बारिश हुई। वहीं कुछ ग्रामीण इलाकों में तेज आंधी के साथ-साथ तेज बारिश होने की खबर है। वहीं कई क्षेत्रों में छोटे साइल के ओलावृष्टि हुई है। वहीं शुक्रवार की रात को तेज आंधी तूफान के कारण शहर के कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए हैं। वहीं तेज आंधी के कारण शहर के कई इलाकों में बिजली घंटों गुल रही।

सरगुजा में पिछले कई दिनों से तेज गर्मी पड़ रही थी। अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया था। वहीं 21 अप्रैल से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। तीन दिनों से तेज आंधी-तूफान के साथ हल्की बारिश हो रही है। शनिवार की दोपहर आसमान में बादल छाए रहे। इसके कुछ ही देर बाद शहर में तेज आंधी के साथ हल्की बारिश हुई। वहीं कुछ ग्रामीण इलाकों में तेज बारिश होने की खबर है। वहीं कई इलाकों में हल्की ओलावृष्टि होने का अनुमान है। सरगुजा सहित दक्षिण छत्तीसगढ़ में बादल की सक्रियता के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। तापमान में गिरावट आने से भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली है। वहीं गुरुवार व शुक्रवार की रात आए तेज आंधी तूफान में शहर के कई क्षेत्रों में पेड़ उखड़ गए हैं।

## बीच-बचाव करने के दौरान युवक की गई जान,आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

दो लोगों के विवाद के दौरान बीच बचाव करने पहुंचे युवक को धक्का लगने से आई चोट के कारण मौत हो गई थी। इस मामले में उदयपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल की रात मे आरोपी पूरन सिंह अगरिया एवं बसंत के बीच खाना बनाने की बात को लेकर वाद विवाद हो रहा था जो मृतक रामरतन द्वारा बीच बचाव करने पर आरोपी द्वारा आवेश मे आकर हाथ मे रखे फावड़ा से मृतक पर जानलेवा हमला कर दिया, जो इलाज पश्चात रामरतन फौत कर गया, मामले की मर्ग डायरी पुलिस सहायता केंद्र से प्राप्त होने पर जांच विवेचना कर आरोपी के खिलाफ सदर धारा 302 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सरगुजा भावना गुप्ता के निर्देशन में मामले में आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए गए थे, इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ग्रामीण अखिलेश कौशिक के नेतृत्व मे थाना प्रभारी उदयपुर उपनिरीक्षक ओम प्रकाश यादव एवं पुलिस टीम द्वारा आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था। दौरान जांच विवेचना आरोपी पूरन सिंह अगरिया साकिन केदमा को उसके सकुनत पर दबिश देकर पकडक़र पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा आवेश मे आकर हत्या की घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त फावड़ा बरामद किया गया हैं। संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी उदयपुर उप निरीक्षक ओम प्रकश यादव, उप निरीक्षक समरेंद्र सिंह,प्र. आर. संतोष गुप्ता आरक्षक अमर प्रसाद, अजय शर्मा,देवनारायण कवर,कुंजलाल सोरी, दिनेश सिंह, बिजेंद्र कुजूर शामिल रहे।



## तेज आंधी तूफान से विशालकाय पेड़ ग्रामीण के घर गिरा बाल-बाल बचा ग्रामीण परिवार



विशालकाय पेड़ घर में गिरा घर के कमरे में सो रहा परिवार बाल-बाल बचा। परंतु विशालकाय पेड़ गिरने से ग्रामीण को हजारों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। 22 अप्रैल दिन शनिवार की सुबह घटना की सूचना राजस्व विभाग को दी गई है साथ ही ग्रामीण को हजारों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है जिसे लेकर शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। मुआवजा राशि सेवा अपने घर का मरम्मत कार्य कर सके। तो वहीं शनिवार की दोपहर गुमगरा में तेज आंधी तूफान के साथ जमकर हुई ओलावृष्टि से क्षेत्र में फसलों को भी नुकसान होने का अंदेशा लगाया जा रहा है तो वही मौसम के बदलाव होने से विकासखंड में जनजीवन पूरी तरीके से अस्त-व्यस्त हो गया है।

### शनिवार को ओलावृष्टि के साथ हुई बारिश

- संवाददाता -
लखनपुर,22 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के लखनपुर क्षेत्र में 3 दिनों से शाम होने के बाद मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। तेज आंधी तूफान क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। तेज आंधी तूफान से विद्युत पोल पेड़ सहित घरों को छटी होने से जनजीवन पूरी तरीके से अस्त-व्यस्त हो गया है। तेज आंधी तूफान के कारण विकासखंड में आधी रात तक विद्युत आपूर्ति भी ठप ने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसी कड़ी में लखनपुर थाना क्षेत्र के कुन्नी पुलिस चौकी अंतर्गत लिपिंगी खाल पारा में 21 अप्रैल दिन शुक्रवार की रात है देवनाथ मझवार का पूरा परिवार घर में सो रहा था तेज आंधी तूफान से

# अकीदत के साथ मनाई गई ईद,ईदगाह के साथ ही मस्जिदों में पढ़ी गई नमाज

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,22 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

ईद के मौके पर शनिवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जिले की विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में अकीदत के साथ नमाज अदा की। नमाजियों ने मुल्क में अमन और खुशहाली की दुआ मांगी।

मुस्लिम समाज के पवित्र माह रमजान में एक माह तक समाज के लोग रोजा रखने के साथ ही इबादत में मशगूल रहे। रमजान में तरावीह की नमाज के साथ ही दावते इफ्तार का आयोजन किया गया। वहीं समाज के लोगों द्वारा ईद को लेकर जोर शोर से तैयारियां की जा रही थी। समाज द्वारा घरों की साफ सफाई के साथ ही जमकर खरीददारी की गई। शुक्रवार की शाम ईद का चांद नजर आते ही समाज के लोगों में खुशियां फैल गई। आज ईद की नमाज को लेकर सुबह से ही समाज के लोग ईदगाह व मस्जिदों की तरफ रवाना हुए थे। ईदगाह में सुबह 9 बजे ईद की नमाज अता की गई। इस दौरान पेश ईमाम द्वारा समाज के लोगों को ईद के मौके पर गिले शिकवे मिटाकर एक दूसरे को गले लगाने की सीख दी गई। आज ईद के मौके पर ईदगाह में मौलाना मुफ्ती अबरार आलम मिस्बाही द्वारा पढ़ाई गई। इसके साथ ही सदर रोड स्थित जामा मस्जिद में सुबह 9.30 बजे ईद की नमाज हाफिज व कारी असिमुद्दीन



द्वारा, तकिया मजार स्थित मस्जिद में ईद की नमाज सुबह 8.30 बजे मौलाना मोईन व केंद्रीय जेल में सुबह 8.30 बजे मतलूब मंजर द्वारा ईद की दो रकत नमाज पढ़ाई गई। इसके साथ ही नाजमिया मस्जिद में मौलाना सगीर अहमद मिस्बाही द्वारा ईद की नमाज पढ़ाई गई। ईद के मौके पर लोगों में खास उत्साह देखने को मिला। समाज के लोगों अपने व परिवार के लिए तरक्की, खुशहाली के साथ ही देश में अमन चैन व आपसी भाईचारे की दुआ मांगी व एक दूसरे को गले लगकर ईद की बधाई दी। ईद की नमाज को लेकर आज जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा भी ईदगाह व मस्जिदों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इस दौरान अंजुमन कमेटी के सचिव इरफान सिद्दीकी, परवेज आलम, अफजाल अंसारी, अब्दुल लतीफ, याकूब खान, शकील अंसारी, गुलाम मोहम्मद आदि मौजूद थे। ईद के मौके पर शनिवार को शहर के इंद्रवाटिका में ईद मिलन का आयोजन श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष शफी अहमद द्वारा किया गया। इस दौरान ईद मिलन समारोह में सभी समाज के लोगों ने बढ़-चढक़ हिस्सा लिया व एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी। समारोह में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव व जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण ङ्क्षसह देव भी शामिल हुए। स्वास्थ्य मंत्री ने भी लोगों के गले मिलकर ईद की बधाई दी।

# अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन सितंबर में करेंगे भारत की यात्रा, दोनों देशों के संबंधों के लिए 2024 बनेगा बड़ा साल

**वाशिंगटन,22 अप्रैल 2023।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सितंबर में भारत की यात्रा करने के लिए उत्सुक हैं। दक्षिण और मध्य एशिया के लिए उनके प्रशासन के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने कहा कि 2024 भारत-अमेरिका संबंधों के लिए एक ÷बड़ा वर्ष÷ होने जा रहा है।

### सभी देशों को एक साथ लाने का अवसर- सहायक विदेश मंत्री

दक्षिण और मध्य एशिया के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने गुरुवार को पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि जी-20 में भारत का नेतृत्व दुनिया में अच्छाई की ताकत के रूप में खड़े होने की अपनी क्षमता को और व्यापक करता है। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ा साल होने वाला है। बेशक, भारत जी-20 की मेजबानी कर रहा है।

इस साल, संयुक्त राज्य अमेरिका क्वाड की मेजबानी कर रहा है। जापान त7 की मेजबानी कर रहा है। हमारे पास हमारे बहुत सारे क्वाड सदस्य हैं जो नेतृत्व की भूमिका निभा रहे हैं और यह हम सभी को अपने देशों को एक साथ लाने का अवसर प्रदान करता है।

### बाइडन भारत की यात्रा के लिए हैं उत्सुक

उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि हमारे राष्ट्रपति सितंबर में भारत की यात्रा के लिए उत्सुक हैं। जी-20 लीडर्स समिट के हिस्से के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी। अगले कुछ महीनों में क्या आने वाला है, इसे लेकर हम वास्तव में उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे पास चर्चा के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। जिसमें सेक्रेटरी ऑफ स्टेट टोनी ब्लिंकेन, ट्रेजरी सेक्रेटरी जेनेट येलेन और कॉमर्स सेक्रेटरी जीना रायमोंडो की भारत यात्रा शामिल है।





दिल्ली में भारत-अमेरिका फोरम में प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। जी-20 के अध्यक्ष के रूप में भारत जी-20 के सकारात्मक एजेंडे को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### इंडो पैसिफिक का समर्थन करने के लिए एक साथ आ रहे देश

उन्होंने कहा कि मार्च में डॉ. जयशंकर ने सभी चार विदेश मंत्रियों के साथ रायसीना डायलॉग में एक मंत्रिस्तरीय बैठक और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए अपने क्वाड समकक्षों की मेजबानी की। यह क्वाड के विदेश मंत्रियों के साथ इस तरह की पहली सार्वजनिक चर्चा थी और इस दौरान उन्होंने यह बताया कि कैसे हमारे चार देश इंडो-पैसिफिक के लोगों का समर्थन करने के लिए एक साथ आ रहे हैं।

लू ने कहा कि और फिर अंत में इस महीने हमारे नए राजदूत एरिक गार्सेटी का आगमन। अमेरिकी दूतावास में हमारे भारतीय और अमेरिकी कर्मचारियों ने उनका वास्तव में गर्मजोशी से स्वागत किया। वह भारत के साथ मिलने के लिए उत्सुक हैं और मुझे लगता है कि भारत पाएगा कि वह युवा हैं, वह उत्साही हैं, और वह हमारे संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए उत्सुक हैं।

### भारत ने किया अच्छा काम

उन्होंने कहा कि हम पिछले महीने जी-20 विदेश मंत्री स्तर की बैठक की मेजबानी करके भारत द्वारा किए गए जबरदस्त काम के लिए वास्तव में आभारी हैं और हम सितंबर में नई दिल्ली लीडर्स समिट सहित इस साल होने वाली जी-20 की कई बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए उत्सुक हैं।

विदेश मंत्रियों की बैठक में, भारत ने एक एजेंडा बनाया जिसने उन्हें दुनिया की कुछ सबसे अधिक दबाव वाली चुनौतियों पर चर्चा करने और ठोस समाधान खोजने के लिए विचार-विमर्श करने की अनुमति दी।

## अमेरिका में फिर हुई जानलेवा फायरिंग,एक लड़की समेत 8 लोग घायल

**वाशिंगटन,22अप्रैल 2023।** वाशिंगटन डीसी में शुक्रवार की रात को गोलीबारी हुई, इसमें एक लड़की समेत आठ लोग घायल हो गए। हालांकि, दो बार हुई इस गोलीबारी में किसी की भी जान को कोई नुकसान होने की खबर नहीं है।

असिस्टेंट चीफ ऑफ पेट्रोल सर्विसेस साउथ आंद्रे राइट ने बताया कि पुलिस ने लेबौम स्ट्रीट पर हुई गोलीबारी का मौके पर जवाब दिया है। पूरी घटना में आठ लोगों को घायल पाया गया। सभी लोगों को अस्पताल ले जाया गया और सभी सुरक्षित भी हैं।

### काली सेडान कार की तलाश में पुलिस

उन्होंने बताया कि जब ऑफिसर लेबौम स्ट्रीट पर थे तो पुलिस को सेकेंड स्ट्रीट पर गोली चलने की सूचना मिली। यहां उन्होंने एक 12 साल की लड़की को पाया, लड़की को पैर में गोली लगी हुई थी। इसके बाद लड़की को तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

अब पुलिस चश्मदीदों के द्वारा बताई गई एक काली सेडान कार की तलाश कर रही है। इस कार को गोलीबारी करने वाले लोग चला रहे थे। कार में बैठे इन शूटर्स ने लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। हालांकि, गोलीबारी के पीछे का मकसद अभी साफ नहीं हो पाया है।

### पिछले सप्ताह बर्थडे पार्टी में हुई गोलीबारी



इससे पहले पिछले ही सप्ताह अलबामा में भी एक गोलीबारी की घटना सामने आई थी। इस दौरान गोली लगने से चार लोगों की मौत हो गई थी जबकि, कई लोग इस घटना में घायल भी हो गए थे। खबर थी कि गोलीबारी की ये वारदात एक बर्थडे के दौरान हुई थी। इसके बाद पुलिस की ओर से जांच के दौरान सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे हैं। गोलीबारी के पीछे की वजह अभी तक पुलिस को पता नहीं चल पाई है।

## अमेरिका के शीर्ष अधिकारी ने कहा- भारत की प्रेस लोकतंत्र का समर्थन कर स्वतंत्र होकर करती है काम

**वाशिंगटन,22 अप्रैल 2023।** अमेरिका के एक बड़े अधिकारी ने भारत में काम कर रही प्रेस की तारीफ की है। दक्षिण और मध्य एशिया के अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने सराहना करते हुए कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता और दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में लोकतंत्र का समर्थन करने में पत्रकारों की भूमिका रही है।

दक्षिण और मध्य एशिया के अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने कहा, भारत में कुछ भी गुप्त नहीं रखा गया है। आपके पास एक लोकतंत्र के रूप में भारत है क्योंकि आपके पास एक स्वतंत्र प्रेस है जो वास्तव में काम करती है।÷

उन्होंने ने पीटीआई समाचार एजेंसी को बताया, ÷मुझे पता है कि मीडिया इंडस्ट्री बदल रही है लेकिन भारत में प्रेस की स्वतंत्रता के लिए मेरे मन में बहुत सम्मान है। यहां कुछ भी गुप्त नहीं रखा गया है। आपके पास एक लोकतंत्र के रूप में भारत है



क्योंकि आपके पास एक स्वतंत्र प्रेस है जो वास्तव में काम करता है।÷

### कौन हैं डोनाल्ड लू ?

डोनाल्ड लू अमेरिकी सरकार में 30 से अधिक सालों से काम कर रहे हैं। पिछले साल दक्षिण-मध्य एशियाई मामलों में उन्हें सहायक सचिव बनाया गया था। 2018 से 2021 तक किर्गिस्तान और 2015 से 2018 तक उन्होंने अल्बानिया में अमेरिकी राजदूत के रूप में सेवा दी। 2010 से 2013 के बीच वे भारत में बतौर अमेरिकी मिशन के डिप्टी चीफ काम कर चुके हैं।

लू अमेरिकी विदेश विभाग में दक्षिण एशियाई मामलों के सहायक सचिव के तौर पर शीर्ष राजनयिक हैं। साल 1997 से 2000 तक भारत में उन्होंने राजनीतिक अधिकारी के तौर पर सेवा दी है। इससे पहले 1996 से 1997 में उन्होंने दिल्ली में अमेरिका राजदूत के विशेष सहायक के रूप में भी काम किया है। वहीं 1992 से 1994 के बीच वे पेशावर में राजनीतिक अधिकारी भी रहे हैं।

## अमेरिका में नौकरी का सपना देखने वालों के लिए अच्छी खबर,बढ़ाई जा सकती है एच-1बी वीजा की संख्या

**वाशिंगटन,22 अप्रैल 2023।** अमेरिका में जाकर नौकरी करने का सपना देखने वालों के लिए एक अच्छी खबर है। इस साल भारतीयों को 10 लाख वीजा जारी किया जा सकता है। ऐसी खबर है कि कार्य वीजा को भी प्राथिमकता दी जा रही है।

दक्षिण और मध्य एशिया के अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने हाल ही में पीटीआई एजेंसी को एक इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने कहा कि वे कार्य वीजा को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। इनमें एच-1बी और एल वीजा, जो भारत के आईटी पेशेवरों द्वारा सबसे अधिक मांग वाले वीजा में शामिल हैं।

### एच-1बी वीजा की सबसे ज्यादा मांग

अमेरिका की तरफ से प्रत्येक साल 85 हजार एच-1बी वीजा जारी किए जाते हैं। इनमें से करीब 20 हजार वीजा ऐसे हैं जो अमेरिका की यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के लिए जाने वाले स्टूडेंट्स को दिए जाते हैं। वहीं भारतीय पेशेवरों में एच-1बी वीजा की सबसे ज्यादा मांग होती है।

ऐसे में एच-1बी वीजा की संख्या बढ़ती है तो भारतीयों को इसका




फायदा मिल सकेगा। H-1B वीजा एक गैर-अप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी कर्मचारी रखने के लिए को अलग व्यवसायों में नियोजित करने की अनुमति देता है, खासकर जो टेक्निकल एक्सपर्ट हों।

### वीजा के लिए श्रमिकों को मिलेगी प्राथमिकता- लू

डोनाल्ड लू ने बताया कि टेक्नोलॉजी संबंधित कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हर साल कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए इस पर निर्भर रहती हैं। उन्होंने कहा, ÷हम इस साल दस लाख से अधिक वीजा जारी करने वाले हैं। इतने वीजा जारी करना हमारे लिए भी एक रिकॉर्ड ही है।÷ साथ ही उन्होंने बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका में आने वाले अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के मामले में भारत अब दुनिया में दूसरे नंबर पर है।

भारत में हमारे कुछ कांउस्लर सेक्शन में इंतजार करने का समय इन वीजा के लिए अब 60 दिनों से कम होगा। हमारा इस बात पर भी ध्यान रहेगा कि श्रमिकों के लिए वीजा को प्राथमिकता दी जाए, क्योंकि यह अमेरिकी और भारतीय अर्थव्यवस्था दोनों के लिए जरूरी है।

डोनाल्ड लू ने ये भी कहा कि आईटी प्रोफेशनल्स जो एच-1बी वीजा पर हैं और अपनी नौकरी खो चुके हैं। इन्हें लेकर होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की तरफ से नई जानकारी दी गई है। इसे लेकर भी ध्यान दिया जा रहा है।

## चौथी कैरिकॉम-इंडिया बैठक में जयशंकर बोले-वैश्विक समस्याओं का हमें मिलकर करना होगा समाधान

**जॉर्जटाउन,22अप्रैल 2023।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चौथी इंडिया-कैरिकॉम बैठक में भाग लिया। उन्होंने इस बैठक की सह-अध्यक्षता भी की। उन्होंने इस बैठक में जलवायु परिवर्तन के बीच रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में ÷सामूहिक हित÷ की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने भाषण देते हुए कहा कि ऊर्जा, रिन्यूएबल एनर्जी विशेष रूप से हमारा सामूहिक हित है।




विदेश मंत्री ने कहा आप में से कई अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के सदस्य हैं। मुझे लगता है कि कैरिकॉम से 13 सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि रिन्यूएबल एनर्जी हमारा सामूहिक प्रयास है। कैपेसिटी बिल्डिंग में हम उन क्षेत्रों में कार्यक्रमों को अनुकूलित करने के लिए तैयार हैं जो कैरिकॉम यूजर्स के लिए समर्पित हैं। डब्ल्यूएचओ ने पहले ट्रेडिशनल मेडिसिन सेंटर के भारत में निर्माण की स्वीकृति दी है। यहां हम दुनिया के हर हिस्से से पारंपरिक प्रथाओं के अनुसरण का स्वागत करते हैं।

### वैश्विक समस्याओं पर भी विदेश मंत्री ने की बात

चौथी इंडिया-कैरिकॉम बैठक में विदेश मंत्री ने वैश्विक समस्याओं पर भी ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि हमें वास्तव में वैश्विक समस्याओं की ओर ध्यान केंद्रीत करना चाहिए। इसके लिए यह भी देखना चाहिए कि हम एक साथ कैसे समाधान ढूंढ सकते हैं। जयशंकर ने कहा कि हम कैपेसिटी बिल्डिंग, डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, हेल्थ और डिजास्टर मैनेजमेंट पर फोकस कर रहे हैं। हम छोटे और मध्यम उद्यम में ग्रांट आधार पर सहायता करने के लिए तैयार हैं।

### 23 परियोजनाओं पर बनी सहमति

जयशंकर शुक्रवार को गुयाना पहुंचे थे। गुयाना में विदेश मामलों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मंत्री ह्यूग टॉड ने उनका स्वागत किया था। गुयाना की यह यात्रा विदेश मंत्री की पहली यात्रा है। विदेश मंत्री ने बैठक में भाग लेने के लिए कैरिकॉम नेताओं के प्रयास की सराहना की और उन्हें आश्वासन दिया कि ÷यह हमें एक बहुत ही महत्वपूर्ण मोड़ पर यह देखने का मौका देगा कि हम अपने संबंधों को बड़े उद्देश्य के साथ कैसे देखते हैं।÷ उन्होंने पिछले चार वर्षों में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और कैरिकॉम नेताओं के बीच बैठक पर भी प्रकाश डाला। पीएम की बैठक से 23 परियोजनाओं पर सहमति बनी वहीं इनमें 10 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।



## किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक में शामिल होंगे भारतीय मूल के विशिष्ट लोग,6 मई को समारोह

**लंदन,22 अप्रैल 2023।** लंदन के वेस्टमिंस्टर एब्बे में छह मई (शनिवार) को होने वाले किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक समारोह में हिंदू और सिख धर्मों का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय मूल के लोगों के मुस्लिम और यहूदी हाउस ऑफ लॉर्ड्स के प्रतिनिधियों के साथ शामिल होने की संभावना है। यह ईसाई धार्मिक समारोह वाले राज्याभिषेक में सभी धर्मों के लोगों को शामिल कर सभी धर्मों में विश्वास का संदेश देने की एक कोशिश है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चार प्रमुख धर्मों के हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्यों द्वारा मुख्य समारोह में गैर-ईसाई धर्मों का प्रतिनिधित्व किया जाएगा। हाउस ऑफ लॉर्ड्स के 84 वर्षीय सदस्य नरेंद्र बाबूभाई पटेल हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व करेंगे और इनके द्वारा राज्याभिषेक के दौरान किंग चार्ल्स को अंगूठी पहनाए जाने की उम्मीद है। 90 वर्षीय इंद्रजीत सिंह सिख धर्म का प्रतिनिधित्व करेंगे और उनके द्वारा राज्याभिषेक के दौरान दस्ताने पहनाने की उम्मीद है।

## नौ दिन के लिए श्रीलंका के 15 नेता गए चीन, 'ब्रेन-वॉशिंग' की है आशंका

**कोलंबो,22 अप्रैल 2023।** एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच श्रीलंका के सत्ताधारी गठबंधन के 15 नेता चीन पहुंच गए हैं। इनमें कई सांसद भी शामिल हैं। ये लोग चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के आमंत्रण पर वहां गए हैं। इस यात्रा को खासा महत्त्वपूर्ण समझा गया है।

चीन गए दल में राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के नेतृत्व वाली यूनाइटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) के पांच सदस्य शामिल हैं। इसमें दस सदस्य महिंदा राजपक्षे के नेतृत्व वाली पार्टी श्रीलंका पोडुजना पेरामुना (एसएलपीपी) के हैं। एसएलपीपी के सदस्यों में निपुण रानावाका भी हैं, जो पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे के भतीजे हैं। बताया जाता है कि यह श्रीलंकाई सियासी दल नौ दिन तक चीन में रहेगा। इस दौरान और वह दो चीनी राज्यों का दौरा करेगा।

पर्यवेक्षकों ने ध्यान दिलाया है कि इस यात्रा से भारत और अमेरिका की चिंताएं बढ़ सकती हैं। दोनों देशों में इस यात्रा पर करीबी निगाह रखी जाएगी। पर्यवेक्षकों ने इस ओर भी ध्यान खींचा है कि चीन श्रीलंका के सबसे बड़े कर्जदाता देशों में एक है। 2009 में देश में गृह युद्ध की समाप्ति के बाद से चीन और श्रीलंका की निकटता बढ़ती चली गई है। इस बीच पश्चिमी देशों का आरोप रहा है कि चीन की महत्त्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) में शामिल होने के बाद श्रीलंका ने चीन से जो ऋण लिए, वह उसके कर्ज संकट में फंसने का एक बड़ा कारण रहा। जबकि चीन इस आरोप का खंडन करता रहा है।



भारत और अमेरिका को इस बात की आशंका भी है कि चीन श्रीलंका में अपना सैनिक अड्डा बनाने की कोशिश कर सकता है। दक्षिणी श्रीलंका में स्थित हम्बनटोटा में चीन पहले ही बीआरआई के तहत बंदरगाह बना चुका है, जबकि कोलंबो पोर्ट के पास उसने जमीन ले रखी है।

वेबसाइट इकॉनमीनेक्स्ट.कॉम में छपी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन पहले भी रसूखदार लोगों को अपने यहां बुलाता रहा है। ऐसी यात्राओं के दौरान राजनेताओं, पत्रकारों और पेशेवरकर्मियों को चीन अपनी प्रगति और अपने खास कार्यक्रमों की कामयाबियों का दर्शन कराता है। इस बात 15 सदस्यीय दल में जो लोग चीन गए हैं, उनमें कई ऐसे युवा नेता शामिल हैं, जो अगला चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं।

श्रीलंकाई दल कुनमिंग और यूनान प्रांतों का दौरा करेगा। प्रांतीय राजधानियों में श्रीलंकाई प्रतिनिधियों की सीपीसी के अधिकारियों के साथ बातचीत होगी। यह एक दल एक सेमिनार में भी भाग लेगा, जिसका विषय चीन में गरीबी खत्म करने और गांवों के पुनर्जीवन की बहुचर्चित योजनाएं हैं। दल के सदस्यों को कुछ मॉडल गांवों का दौरा कराया जाएगा, जहां आधुनिक ढंग से होने वाली खेती को वे प्रत्यक्ष रूप से देख पाएंगे।

यात्रा के आखिरी दौर में प्रतिनिधिमंडल फुजियान प्रांत और उसके बाद राजधानी बीजिंग की यात्रा करेगा। फुजियान में भी दल के सदस्य एक सेमीनार में भाग लेंगे, जिसका विषय बीआरआई में सहयोग और इस परियोजना से उपलब्ध होने वाले विकास के अवसर है। बीजिंग में सीपीसी की सेंट्रल कमेटी से जुड़े विशेषज्ञों से उनकी बातचीत होगी। विश्लेषकों के मुताबिक यात्रा का कार्यक्रम से स्पष्ट है कि चीन वहां गए श्रीलंकाई राजनेताओं को अपनी सफलता दिखा कर उन्हें प्रभावित करना चाहता है।

## दो अरब डॉलर के लिए समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं पाकिस्तान और सऊदी अरब

**इस्लामाबाद,22अप्रैल 2023।** पाकिस्तान इस समय अभूतपूर्व आर्थिक संकट से गुजर रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएउ) से बेलआउट पैकेज हासिल करने के लिए उसे एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है, लेकिन कामयाबी नहीं मिल सकी है। अब खबर है कि वह ईद के बाद सऊदी अरब के साथ दो अरब डॉलर की अतिरिक्त जमा राशि के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षकर कर सकता है। यह एक ऐसा कदम हो सकता है जो उसे आईएमएफ से बेलआउट पैकेज हासिल करने में मदद कर सकता है।

मार्च में पाकिस्तान ने आईएमएफ सौदे पर हस्ताक्षर करने के लिए सऊदी अरब से मदद की गुहार लगाई थी। इसके बाद इस महीने की शुरुआत में उसे रियाद से अतिरिक्त राशि के लिए हरी झंडी मिल गई। सऊदी अरब की ओर से मदद एक ऐसे समय में आई है, जब 30 जून, 2023 को उसका आईएमएफ के साथ हस्ताक्षरित कार्यक्रम खत्म हो जाएगा। उसने आईएमएफ पैकेज पर हस्ताक्षर 2019 में किया था। आईएमएफ पैकेज की समय-सीमा से आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है।

आईएमएफ ने पाकिस्तान पर शर्त लगाई है कि उसे अपने सात



अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज को फिर से शुरू करने के लिए अन्य देशों से तीन अरब डॉलर प्राप्त करने होंगे। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने %द न्यूज इंटरनेशनल% को बताया कि स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ईद के तुरंत बाद सऊदी फंड फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) के साथ अतिरिक्त 2 बिलियन अमरीकी डालर जमा करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करेगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सऊदी अरब ने आईएमएफ को द्विपक्षीय सहायता समर्थन की पुष्टि की है, जिसे ऋणदाता के कर्मचारियों ने भी स्वीकार किया है। अधिकारी ने कहा कि यह समझौता सऊदी अरब और यूएई से 2 बिलियन अमरीकी डालर और 1 बिलियन अमरीकी डॉलर की अतिरिक्त वित्तीय सहायता की पुष्टि पर फोलो-अप है। आधिकारिक सूत्रों ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान ने सऊदी अरब और यूएई से और अधिक समर्थन के लिए कोई नया अनुरोध नहीं किया है। इन देशों द्वारा 2 बिलियन अमरीकी डालर और 1 बिलियन अमरीकी डालर पहले से ही पुष्टि की गई थी।

सऊदी अरब ने पहले ही एक साल के लिए 3 अरब डॉलर से अधिक जमा किया था। यह तीन अरब डॉलर की जमा राशि देश के केंद्रीय बैंक एसबीपी के पास पड़े 3.4 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा भंडार का हिस्सा है। मार्च में पाकिस्तान को उसके सदाबहार सहयोगी चीन से एक साल की अवधि के लिए दो अरब डॉलर की जमा राशि मिली थी। पाकिस्तान उच्च बाहरी ऋण, कमजोर स्थानीय मुद्रा और घटते विदेशी मुद्रा भंडार से जूझ रहा है।

# घटती-घटना खबर का हुआ असर,हटाए गए भाजयुमो जिलाध्यक्ष कोरिया

- आर्थिक धोखाधड़ी का भाजयुमो जिलाध्यक्ष पर लगा है आरोप, जमानत पर हैं बाहर
- भाजपा कोरिया ने पेश की मिशाल,धोखाधड़ी के आरोपी भाजयुमो जिलाध्यक्ष को पद से हटाया
- अनुशासित पार्टी फजीहत के बाद बदली भाजयुमो जिलाध्यक्ष
- भाजयुमो जिलाध्यक्ष बदलकर डैमेज कंट्रोल करने में जुटी भाजपा
- हितेश प्रताप सिंह बनाए गए भाजयुमो जिलाध्यक्ष,अंचल राजवाड़े की लेंगे जगह
- अंचल राजवाड़े के समर्थक भी उनके पद से हटने की बने वजह,जमानत पर वापस आने पर लिखा था टाइगर इज बैक







## यह कैसा जश्न,आर्थिक गड़बड़ी के अपराध में जमानत मिलने पर फूटे पटाखे ?





भारतीय जनता पार्टी,जिला-कोरिया (छ.ग.)

नियुक्ति पत्र



## भाजयुमो नेता के जमानत के बाद हुए स्वागत की हो रही आलोचना, भाजपा की कार्यप्रणाली पर हो रहा है सोशल मीडिया पर कटाक्ष

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 22 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया जिला भाजपा ने भाजयुमो जिलाध्यक्ष कोरिया को अंततः पद से हटा ही दिया, घटती-घटना ने इस मामले में कई बार खबर का प्रकाशन किया था और मुख्य रूप से कोरिया भाजपा का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया था की एक तरफ देश के प्रधानमंत्री साथ ही भाजपा के शीर्ष नेता भ्रष्टाचार मुक्त भारत की बात कर रहें हैं दूसरी तरफ धोखाधड़ी मामले में आरोपी भाजयुमो जिलाध्यक्ष को ही कोरिया भाजपा पद पर बने रहने का मौका दे रही है और इस तरह वह भाजपा की ही नीति रीति के विपरीत काम कर रही है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष को भाजपा कोरिया जिलाध्यक्ष ने पद से हटाते हुए नए जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की है और उन्होंने यह साबित किया है की वह प्रधानमंत्री की बातों से इत्तेफाक रखते हैं कोरिया भाजपा भी इत्तेफाक रखती है और किसी भी ऐसे व्यक्ति को जिसके ऊपर भ्रष्टाचार या धोखाधड़ी का मामला दर्ज हो उसे वह पद में पार्टी के नहीं रखने वाली और उसे बाहर का रास्ता ही दिखाया जायेगा। कोरिया भाजपा ने एक तरह से यह मिशाल कायम की है जहां भ्रष्टाचार या धोखाधड़ी जैसे मामलों में आरोपी को किसी भी स्थिति में भाजपा अपना सदस्य नहीं मानने वाली और वह इस मामले में अडिग रहने वाली है।

भाजपा अनुशासित पार्टी मानी जाती है पर कोरिया जिले में भाजपा कहीं ना कहीं अनुशासन से भटक चुकी थी जिसका नतीजा था भाजपा की ही फजीहत हुई, भाजपा में जहां गुटबाजी चरम पर है तो वही अनुशासन भी नहीं बचा है भाजयुमो जिलाध्यक्ष को लेकर भाजपा ने जो फजीहत झेली है वह आज तक नहीं झेली होगी, पूरी फजीहत झेलने के बाद भाजयुमो के जिलाध्यक्ष को बदला गया काश यही काम पहले कर लिए होते तो परिणाम कुछ और होता पर अब परिणाम कुछ और होंगे, अब हर तरफ यही चर्चा है की कोरिया भाजपा फजीहत की इंतजार कर रही थी अब जब फजीहत पूरी तरीके से हो गई तो भाजयुमो जिलाध्यक्ष को बदल दिया और भाजयुमो जिलाध्यक्ष बनाया भी तो उसे जो लंबे समय से कोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष को अस्वस्थ करने में जुटे हुए थे या कहे तो कहीं ना कहीं जिलाध्यक्ष की जी हजूरी कर रहे थे, यह भी कहा जा रहा है कि जिलाध्यक्ष की जी हजूरी करने का ही फल मिला कि उन्हें जिलाध्यक्ष बनाया गया यह जिलाध्यक्ष गुटके भाजयुमो जिलाध्यक्ष होंगे।

### भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पर अपराध पंजीबद्ध होने के बाद पद से पृथक नहीं किया गया

भाजपा अनुशासित पार्टी मानी जाती है पर कोरिया जिले में भाजपा कहीं न कहीं अनुशासन से भटक चुकी है इस समय अनुशासन नहीं सिर्फ गुटबाजी दिख रही है जहां भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पर अपराध पंजीबद्ध होने के बाद उन्हें पद से पृथक कर नए को मौका देना था लेकिन नए को मौका देने की बजाय बड़ा लंबा इंतजार किया जमानत मिलने का और जमानत मिलने के बाद टाइगर इज बैक टाइगर आ गया ऐसा पूरा सोशल मीडिया पर छा गया, ऐसा होने से कहीं न कहीं भारतीय जनता पार्टी की ही फजीहत हो गई, अब सवाल यह है कि आखिर टाइगर कहां से आ गया कहां गया था? किसका शिकार करने गया था या फिर खुद शिकार ना हो जाए इसलिए अंडर ग्राउंड हो गया था? यह तमाम तरीके के सवाल है जो भाजपा के लिए फजीहत बनी हुई है जहां भाजपा अपना कद बड़ा करने और एक अनुशासित पार्टी होने का परिचय दे सकती थी, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष को हटाकर दूसरे को जिला युवा मोर्चा का अध्यक्ष बनाया जा सकता था पर ऐसा करने के बजाय भाजपा ने पुराने वाले का ही इंतजार करना उचित समझा जो वर्तमान समय में अनुचित दिखने लगा है और इंतजार के बाद मिला क्या सिर्फ फजीहत? कोरिया की भाजपा अनुशासित तो तब होती जब युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष की मर्जी से उनके अनुसार जिला का नेतृत्व करने वाले को नेतृत्व का जिम्मा दिया जाता। यदि हटाकर नया अध्यक्ष चुना गया होता तो आने वाले युवाओं के लिए भी एक अच्छा संदेश होता कि गलत करने पर पार्टी कार्यवाही करती है जिस भय में वह कोई भी अनुचित कार्य नहीं करते और कुछ भी करते वह पार्टी के दायरे में रहकर करते पार्टी की मर्यादा के साथ करते हैं।

### भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने भी जिलाध्यक्ष भाजयुमो की खूब कराई फजीहत

भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने भी भाजयुमो जिलाध्यक्ष की खूब फजीहत कराई और टाइगर इस बैक कहकर सोशल मीडिया पर जितने भी पोस्ट डाले सभी पर जमकर कटाक्ष हुए और पोस्टों को लेकर लोगों की जो प्रतिक्रिया आई वह जिलाध्यक्ष भाजयुमो के लिए कहीं से प्रिय नहीं कहे जा सकते और यह कहा जा सकता है की लोगों ने टाइगर इस बैक में जमकर मजे लिए और इस मामले को मजाक बना दिया।

### प्रदेश से घोषणा होने की वजह कोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष का आदेश समझ के परे

जानकारों की माने तो जहां भाजयुमो जिलाध्यक्ष का बदलाव प्रदेश अस्तर से होना था पर जिले स्तर से अनुशंसा लेकर की गई, जिसमें कहीं ना कहीं कई सवाल खड़े हो रहे हैं, क्या जिलाध्यक्ष ने सही में अनुशंसा ली? क्या प्रदेश अध्यक्ष आदेश जारी में करने में सक्षम नहीं थे? क्योंकि अभी तक यह देखा गया है कि प्रदेश से ही जिलाध्यक्ष की नियुक्ति होती आई है चाहे बदलना हो या हटाने की कर्यवाही हो ऐसे तमाम तरीके के आदेश प्रदेश स्तर से ही जारी होते थे पर अचानक इस बार नया ही परम्परा देखने को मिला है, जब कोरिया जिले के भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष की अनुशंसा पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष को बदला है इसमें यह भी सवाल उठ रहे हैं कि कहीं अपने करीबी को अध्यक्ष बनाने के लिए तो ऐसा काम नहीं किया गया?

# रीपा के माध्यम से महिलाएं हो रहीं आत्मनिर्भर









- पिपरिया में मल्टीपर्पज फ्लोर मिल,तेल मशीन,दाल मिल और पोल फेंसिंग यूनिट से महिलाओं की बढ़ी आमदनी

-ईश्नु प्रसाद यादव-
एमसीबी,22 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर पीएस ध्रुव के निर्देशन तथा ज़िला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में ज़िले में रीपा के अन्तर्गत आजीविका संवर्धन के कार्य संचालित किए जा रहे हैं।

गोठान के माध्यम से स्व सहायता समूह की दीदियों को रोज़गार का अवसर मिल रहा है और उनके आय में वृद्धि हो रही है। मनेंद्रगढ़ जनपद के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया के रीपा में भी विभिन्न प्रकार के रोज़गार मूलक कार्य समूहों के द्वारा संचालित किया जा रहा है। जिसमें मल्टीपर्पज फ्लोर मिल में धान कुटाई, गेहूं पिसाई और मसाला पिसाई का कार्य किया जाता है। तेल पेराई मिल में सरसों, तिल, अलसी आदि का तेल निकाला जाता है। रीपा में यूनिट लग जाने से आसपास के ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं। इसी तरह से रीपा में दाल मिल और पोल फेंसिंग मेकिंग यूनिट भी लगाया गया है। इन चारों गतिविधियों में कार्य करके रोशनी महिला स्व-सहायता समूह और लक्ष्मी महिला स्व-सहायता के द्वारा आय अर्जित किया जा रहा है। रीपा में महिलाएँ विभिन्न प्रकार की बैठक के साथ सामूहिक परिचर्चा भी करती हैं।

उल्लेखनीय है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तत्वाधान में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा का राज्यस्तरीय उद्घाटन 25 मार्च 2023 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। ग्रामीणों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एमसीबी ज़िले में कुल 6 ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) की इकाई स्थापित किया गया है। रीपा के सुचारू संचालन के लिये नोडल अधिकारियों की नियुक्ति किया गया है।



# कुसमी में ईद मिलन समारोह में सामरी विधायक व संसदीय सचिव चिंतामणी महाराज हुये शामिल

- संवाददाता -
कुसमी,22 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक चिंतामणी महाराज ने आज शनिवार को मुस्लिम समाज के ईद मिलन समारोह में शामिल हुये, जहाँ उन्होंने ईद-उल-फितर'पर्व पर मुस्लिम समाज के लोगो को बधाई दी, साथ ही अपने विधायक निधि से कुसमी वार्ड क्रमांक 09 में मदरसा में सेड निर्माण की व जमा मस्जिद कमेटी व बाज़ार पारा कमेटी के लिय 02 नग बोर की घोषणा भी ईद के त्यौहार पर की,वही उन्होंने कहा कि हम सब इस अवसर पर प्रदेश की तरक्की, खुशहाली और अमन-चैन की दुआ करते हैं इस कार्यक्रम में विशेष रूप से जनपद अध्यक्ष हुमन्त सिंह,सहकारी समिति अध्यक्ष विनोद राम,मण्डी अध्यक्ष बालेश्वर राम,जनपद सदस्य देवधन भगत,जनपद सदस्य खसरू बुनकर ,वरिष्ट नेता राजेंद्र भगत,पार्षद ललित निकुंज ,सदर मक़बूल ख़ान,नईम, जहरुल. अंसारी, नसरुल, मदरूल, यासिन, मुजसम नज़र,सैफ़ अली ,सोनू अली समाज के प्रमुखजन शामिल रहे।

# विप्र समाज ने मनाई भगवान परशुराम जयंती,सुंदर कांड का हुआ आयोजन

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर,22 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

शनिवार को भगवान विष्णु के छठे अवतार विप्र कुल श्रेष्ठ भगवान परशुराम की जयंती भक्तिभाव से मनाई गई। इस अवसर पर प्रेमाबाग स्थित श्री राम मंदिर में ब्रह्मण समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, सर्वप्रथम अराध्य देव भगवान परशुराम जी का पूजन अर्चन किया गया। जिसके बाद हनुमान चालीसा व सुन्दर कांड का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित विप्र जनों ने भगवान परशुराम के बताए गए रास्ते पर सामाजिक एकता के साथ चलने की बात दोहराई। उल्लेखनीय है कि अक्षय तृतीया की तिथि पर भगवान विष्णु के सभी दस अवतारों में छठें अवतार माने गए भगवान परशुराम की जंयती भी मनाई जाती है। हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। भगवान परशुराम महर्षि जमदग्नि और रेणुका की संतान हैं। हिंदू मान्यताओं के अनुसार भगवान परशुराम का प्राकट्य काल प्रदोष काल में हुआ था और ये 8 चिरंजीवी पुरुषों में एक हैं। ऐसी मान्यता है कि भगवान परशुराम आज भी इस धरती पर मौजूद हैं। परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया पर किया गया दान-पुण्य कभी क्षय नहीं होता। अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण ही भगवान परशुराम की शक्ति भी अक्षय थी। 8 चिरंजीवियों में भगवान परशुराम समेत महर्षि वेदव्यास, अश्वत्थामा, राजा बलि, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य और ऋषि मार्कंडेय हैं जो आज भी इस कलयुग में विचरण कर रहे हैं।





भगवान परशुराम का जन्म माता रेणुका की कोख से हुआ था। जन्म के बाद इनके माता-पिता ने इनका नाम राम रखा था। बालक राम बचपन से ही भगवान शिव के परम भक्त थे। ये हमेशा ही भगवान की तपस्या में लीन रहा करते थे। तब भगवान शिव ने इनकी तपस्या से प्रसन्न होकर इन्हें कई तरह के शस्त्र दिए थे जिसमें एक फरसा भी था । फरसा को परशु भी कहते हैं इस कारण से इनका नाम परशुराम पड़ा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान परशुराम ने श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र दिया था। दरअसर गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण के दौरान भगवान कृष्ण की मुलाकात परशुराम जी से हुई तभ उन्होंने भगवान कृष्ण को सुदर्शन चक्र दिया था।

परशुराम जी का जन्म ब्राह्मण कुल में हुआ था लेकिन उनका ये अवतार बहुत ही तीव्र, प्रचंड और क्रोधी स्वाभाव का था। भगवान परशुराम ने अपने माता-पिता के अपमान का बदला लेने के लिए इस पृथ्वी को 21 बार क्षत्रियों का संहार करके विहीन किया था। इसके अलावा अपने पिता की आज्ञा का पालन करने के लिए अपनी माता का भी वध कर दिया था। लेकिन वध करने के बाद पिता से वरदान प्राप्त करके फिर से माता को जीवित कर दिया था। कार्यक्रम में उपस्थित विप्रजनो ने भगवान परशुराम के बताए मार्ग का अनुसरण करने की बात कही।

इस अवसर पर ब्रह्मण समाज के जिलाध्यक्ष बृज मिश्रा,ज्योति प्रकाश दुबे,जय बाजपेई, ध्रुवनाथ तिवारी, योगेंद्र मिश्रा,प्रभात मिश्रा, शैलेंद्र शर्मा,राजीव पाठक, रामलखन गौतम, सुनील मिश्रा, अभिषेक दिवेदी, धनेंद्र मिश्रा, अनिल शर्मा,कवि महराज,आशीष शुक्ला,प्रदीप तिवारी,नरेश तिवारी,आशीष शुक्ला, सुनील दुबे, रुद्र मिश्रा, शिवसागर तिवारी,उमाकांत मिश्रा, राम प्रकाश तिवारी, चंद्रशेखर अवस्थी, करुणा त्रिपाठी, मनोज चौबे,राहुल मिश्रा,भोलू तिवारी,अभय दुबे,राजेश मिश्रा, नितिन शर्मा,ब्रह्मदेव पांडेय, रवि त्रिपाठी,अभय शर्मा,शशि पांडेय,सुनील शर्मा, एन पी गौतम,सुनील चौबे,ममता तिवारी,वंदना शर्मा समेत अनेक ब्रह्मण शामिल थे।

# जच्चा-बच्चा मौत का मामला,2 सप्ताह बाद डॉ रश्मि कुमार सहित दो नर्सों पर मामला पंजीबद्ध

» वही 8 लोगों को कारण बताओ किया गया नोटिस जारी

» रश्मि नर्सिंग होम मे आपरेशन के बाद जच्चा बच्चा की मौत के मामले में परिजनों के लगातार शिकायत

- ओंकार पाण्डेय-
सूरजपुर,22 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

रश्मि नर्सिंग होम में जच्चा बच्चा मौत मामले में 2 सप्ताह बाद डॉ रश्मि कुमार सहित दो नर्सों पर 304 ए का मामला पंजीबद्ध, वही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा भी कार्यवाही की गई है डॉ रश्मि कुमार सहित दो नर्सों को निलंबित कर दिया गया है। वही 8 लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम तिलसिवां स्थित रश्मि नर्सिंग होम मे आपरेशन के बाद जच्चा बच्चा की मौत के मामले में परिजनों के लगातार शिकायत वह मीडिया के दबाव के बाद शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने जिला चिकित्सालय की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रश्मि कुमार एवं स्टाफ नर्स मौसम तिर्की व अंजली

तिर्की के विरुद्ध धारा 304 ए, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। मामले में चिकित्सों की पांच सदस्यीय टीम की जांच में लापरवाही की पुष्टि होने तथा मर्ग जांच के बाद पुलिस ने अपराधिक प्रकरण दर्ज किया है उल्लेखनीय है कि रश्मि नर्सिंग होम में बीते पांच अप्रैल को गर्भवती महिला के ऑपरेशन से प्रसव में बच्चे के मृत होने के साथ ही उसी रात महिला की मौत हो जाने के मामले में महिला के स्वजनों द्वारा महिला चिकित्सक डाक्टर रश्मि कुमार एवं नर्सिंग होम के स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शुरुआत से ही कार्रवाई की मांग की जा रही थी। इस मामले में महिला चिकित्सक पर कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। वही इस मामले में जांच टीम का प्रतिवेदन मिलने पर कलेक्टर सूरजपुर में मामले में डा. रश्मि कुमार के निलंबन के लिए हेल्थ सेक्रेट्री को पत्र लिखा है। इधर इसी मामले में जांच प्रतिवेदन के आधार




पर सीएमएचओ ने दो स्टाफ नर्सों के निलंबन हेतु संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सरगुजा को पत्र लिखा है। इस मामले में जिला चिकित्सालय में पदस्थ स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. रश्मि कुमार के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज करने एवं पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग को लेकर बुधवार को शिवसेना की जिला इकाई रंगमंच मैदान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था। इधर शुरुआती दौर से ही मृतक महिला के पिता द्वारा मामले में एफआइआर दर्ज करने से लेकर डा. रश्मि कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग लगातार की जा रही है। गुरुवार को एक बार फिर मृतक महिला के पिता महेंद्र साहू ने कलेक्टर सूरजपुर से मुलाकात की थी। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर मामले की वस्तु स्थिति स्पष्ट करते हुए डा. रश्मि कुमार एवं उनके सहयोगियों को शासकीय सेवा से बर्खास्त करते हुए एफ आई आर दर्ज कराने की मांग की थी। कलेक्टर ने उन्हें आश्वस्त किया कि दो दिनों में मामले में वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### पूरा मामला

विगत 3 अप्रैल को रामानुजनगर ब्लाक के ग्राम भुनेश्वर पुर भकमा निवासी गर्भवती महिला पूजा साहू पति राम नारायण साहू 22 वर्ष को प्रसव के लिए जिला चिकित्सालय सूरजपुर में भर्ती कराया गया था। जहां करीब डेढ़ दिन उसका उपचार ही किया गया। आराम नहीं मिलने पर स्वजनों द्वारा उसे अंबिकापुर रिफर करने की मांग की गई, लेकिन स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. रश्मि कुमार कहने पर स्वजन महिला को प्रसव के लिए चार अप्रैल को रश्मि नर्सिंग होम ले गए। जहां पांच अप्रैल को ऑपरेशन के बाद बच्चा मृत पैदा होने की जानकारी दी गई और उसी रात महिला की भी मौत हो गई थी।

### डॉक्टर के गिरफ्तारी के उठने लगी मांग

लंबे इंतजार के बाद जहां पुलिस ने दोषी डॉक्टर पर मामला पंजीबद्ध कर लिया है पर अब डॉक्टर के गिरफ्तारी कब होगी इसकी मांग भी उठने लगी है क्योंकि घटना देख के बाद से ही डॉक्टर जिले से नदारद होने की जानकारी मिल रही थी और अब लगता है कि पुलिस के लिए भी चुनौती होगा कि उसे गिरफ्तारी कब करेगी, वैसे पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है पर वही इसमें परिजनों का कहना है कि 302 का मामला पंजीबद्ध होना चाहिए क्योंकि जानबूझकर डॉक्टर ने ऐसा किया है इसे लापरवाही नहीं इसे पैसे कमाने की हवस कहा जा सकता है पैसे कमाने की हवस ने जच्चा बच्चा की जान ले ली।

## जिले में ईद-उल-फितर का पर्व पारंपरिक श्रद्धा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

- संवाददाता -
कोरबा, 22 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

शनिवार को ईद-उल-फितर का पर्व कोरबा शहर में परंपरागत तरीके से मनाया गया । नमाजी और रोजेदार सुबह ईदगाहों, मस्जिदों व इबादतगाहों में



पहुंचे। यहां अमन की नमाज अदा की फिर एक दूसरे के गले मिल ईद-उल-फितर की मुबारकबाद दी। नमाज और मुबारकबाद देने के बाद किसी ने मस्जिद के बाहर बैठे गरीबों में सेवइयां बांटी तो किसी ने कपड़े दान किए। बता दें कि पवित्र रमजान का एक माह पूरा होने पर मुस्लिम समाज के लोगों ने शनिवार को ईद-उल-फितर (मीठी ईद) पारंपरिक श्रद्धा हर्षोल्लास के साथ मनाई । नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी । इस अवसर पर बच्चों को बड़ों से आशीर्वाद स्वरूप ईदी दी गई।

## भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा में की गई संगठनात्मक नियुक्तियां

- संवाददाता -
कोरबा, 22 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की अनुमति और जिला संगठन प्रभारी श्याम बिहारी जायसवाल व सह प्रभारी गोपाल साहू की



ईश्वर साहू दर्री मंडल अध्यक्ष तो टेकचंद अग्रवाल को व्यवसायी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने

सहमति से भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा के अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह के द्वारा कोरबा जिले में निम्नलिखित संगठनात्मक नियुक्तियां की गई है । जारी किए गए आदेश के अनुसार दरी मंडल से नारायण ठाकुर को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है । वही दर्री मंडल के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ईश्वर साहू तथा महामंत्री की जिम्मेदारी मनोज लहरे को सौंपी गई है । जारी किए गए दूसरे आदेश के अनुसार श्री टेकचंद अग्रवाल को जिला व्यवसायी प्रकोष्ठ का संयोजक तथा वीरेंद्र मोहन जायसवाल को भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा का विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है ।

## जय भारत सत्याग्रह के तहत विद्युत नगर के साप्ताहिक बाजार में नुक्कड़ सभा का किया गया आयोजन

### संविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए आखरी दम तक लड़ते रहेंगे - सभापति श्यामसुंदर सोनी

- संवाददाता -
कोरबा,22 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

अखिल भारतीय राष्टीय कांग्रेस के आव्हान पर भारत भर में ''जय-भारत सत्यागृह'' के तहत हाट बाजारों में नुक्कड़ सभा का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा किया जा रहा है जिसमे पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ साजिश के तहत की गई कार्यवाही को नुक्कड़ सभा के माध्यम से जन जन तक पहुंचाया जा रहा है जिसके तहत दर्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा विद्युत नगर कोरबा पश्चिम के गुरुवारी साप्ताहिक बाजार में नुक्कड़ सभा का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दर्री के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी की अगुवाई में किया गया। आयोजित नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए सभापति श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली है जो कांग्रेस पार्टी के सिपाही है जिस महान राजनीतिक दल का नेतृत्व महात्मा गांधी, पं. जवाहर लाल नेहरू, सुभाषचन्द्र बोस, सरदार पटेल, मौलाना आजाद, लाल बहादुर शास्त्री, डॉ. भीवराव अम्बेडकर, जगजीवन राम, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने किया है जिस पार्टी के नेता आजादी दिलाने के लिए अपने प्राणों की आहूति दी आज हमें मिलकर संकल्प लेना होगा। इस पार्टी के द्वारा बनाए गये



संविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए आखरी दम तक लड़ते रहेंगे। इन्होने आगे कहा कि ये कैसा न्यू इंडिया है जिसमें युवाओं को रोजगार नही मिल रहा है किसानो को उनके फसल का उचित मूल्य नही मिला रहा है, जहां महिला पर अत्याचार बढ़ता जा रहा है, जहां जनता मंहगाई की मार से त्राहि-त्राहि कर रही है। जहां की वर्तमान सरकार द्वारा पूर्व की सरकार द्वारा बनाई गई सरकारी संपत्ति को दो-चार उद्योगपतियों को बेच रही है। ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा की आज जो देश में हो रहा है वह किसी से छुपा नहीं है। राहुल गांधी ने कई बार मोदी से प्रश्न किया की आपके अडानी से क्या संबध है आज तक मोदी नही बता पा रहे हैं क्योंकि उन संबंधों में कही ना कही भ्रष्टाचार की बू आ रही है केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे अत्याचार एवं मोदी द्वारा षडयंत्र रचते हुए अपनी पार्टनरशिप में अडानी को भारत का नंबर एक का उद्योग पति बनाने में सहयोग प्रदान किया जिसकी हम घोर निंदा करते हैं। इंटक नेता राम इकबाल सिंह ने बताया की अडानी तो सिर्फ मुखौटा हैं अडानी की कंपनी में सारा पैसा तो मोदी का है। एल्डरमैन मनीराम साहू ने केंद्र सरकार पर हल्ला बोलते हुए कहा कांग्रेस की सरकार ने जो सम्पत्तियां बनाई थी मोदी सरकार उन्हे बेचने का काम कर रही है। एम आई सी सदस्य रोपा तिर्की ने कहा की हमारे नेता राहुल गांधी के ऊपर द्वेश भावना के तहत कार्यवाही की गई है, उसका हम सब मिलकर पुरजोर विरोध करते हैं। एमआईसी सदस्य सुनील पटेल ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नारमन बाघे, देवीदयाल तिवारी, एल्डरमैन आशीष अग्रवाल, पुरान दास, के साथ साथ भुवनेश्वर दुबे, राजेंद्र सिंह ठाकुर, मनीराम साहू सुरेंद्र यादव, विसाहु दास, पूर्व पार्षद बीरसाय धनुबार, राजन जायसवाल, शशि साहू, इंटक से जोध सिंह चहल, डी के डोमने, मोहन कंबर, अनिल गुप्ता, क्रांति पटेल, सहदेव दास, ओमप्रकाश वर्मा, कमलेश यादव, शरद सोनी, सूरज भारद्वाज, कामता देवांगन, आर सी सूर्यवंशी, फुलेश्वर कंवर, बलराम सूर्यवंशी, जितेंद्र पांडे, राजेंद्र केवट, बी सी नामदेव, नरेंद्र दुबे सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता के साथ साथ व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





## कुसमी में उत्साह के साथ मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोउत्सव

- संवाददाता -
कुसमी, 22 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

भगवान परशुराम के जन्मोउत्सव को बड़े उत्साह के साथ विधिवत पुजा अर्चना के साथ ब्राम्हण समाज के लोगो ने मनाया साथ हि भव्य शोभायात्रा भी निकाला, भगवान परशुराम के जन्मोउत्सव कार्यक्रम में संसदीय सचिव चिंतामणी महाराज भी शामिल हुये,और भगवान परशुराम जन्मोउत्सव की सबको बधाई दी,वही कार्यक्रम के दौरान विधायक ने अपने विधायक निधि से स्वीकृत 5 लाख के विकास कार्य का भूमिपूजन भी किया, इस अवसर पर जनप्रतिनिधि व समाज से सुरेश वैद्य ,अरविंद तिवारी,पंकज दुबे,हरिशंकर मिश्रा,श्रवण दुबे ,शिवचरण पाण्डेय,उमेश्वर ओझा,संजीव शुक्ला, राकेश भारती हरकेश भारती,अरुण तिवारी,संजीव शुक्ला,सुशील दुबे,दिनेश तिवारी,रमेश पाण्डेय ,अरुण तिवारी, अविनाश मिश्रा, अनुज पाण्डेय सहित अन्य वरिष्ठजन शामिल रहे।









## जिले के समस्त थाना/चौकी में फरार वारंटियों के लिए चलाया गया विशेष अभियान

- संवाददाता -

कोरबा, 22 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)। पुलिस अधीक्षक कोरबा यू उदय किरण से प्राप्त निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा विश्वदीप त्रिपाठी, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रॉबिंसन गुड़िया और एसडीओपी कटघोरा ईश्वर त्रिवेदी के मार्गदर्शन में दिनांक 17/04/2023 से 19/04/2023 तक जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने बीट अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए समंस,जमानती वारंट, गिरफ्तारी वारंट,स्थाई वारंट,की तामिली के लिए 03 दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में समंस तमिल-465,जमानती वारंट तमिल-236 , गिरफ्तारी वारंट तमिल-132 , स्थाई वारंट तमिल-05 वारंटियों को पकड़ा गया वारंटीओं को उनके सकुनत से हिरासत में लिया गया। सभी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

## शांति व्यवस्था बनाये रखने अधिकारियों को सौंपा गया दायित्व

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

23 अप्रैल 2023 को स्थानीय समाज के द्वारा परशुराम जयंती पर्व मनाया जाना है। इस अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालिक दंडाधिकारियों की मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर कलेक्टर श्री अमृत लाल ध्रुव को नोडल अधिकारी बनाया गया है। एसडीएम डीएस उईके एवं नायब तहसीलदार कमलेश कुमार मिरी को सम्पूर्ण प्रभार एवम् शोभा यात्रा जुलूस के साथ जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही तहसीलदार भूषण सिंह को थाना क्षेत्र सिटी कोतवाली, नायब तहसीलदार श्री संजीत पांडे को गांधीनगर थाना क्षेत्र तथा नायब तहसीलदार अजय गुप्ता को मणिपुर थाना क्षेत्र अंबिकापुर का दायित्व सौंपा गया है।

## बेरोजगारी भत्ता हेतु आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ

» जिले के शिक्षित बेरोजगार युवा ले सकते हैं योजना का लाभ

» अनुपस्थित आवेदकों को प्रदान की गई पुनः सत्यापन की सुविधा

- संवाददाता -
बलरामपुर, 22 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के परिपालन में जिले में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना बेरोजगारी भत्ता 01 अप्रैल 2023 से प्रारंभ हो चुकी है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के शिक्षित बेरोजगार युवा इस योजना का लाभ लेने के लिए शासन की वेब पोर्टल berojgaribhatta.cg.nic.in पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। वेब पोर्टल पर आवेदन किये जाने के उपरांत आवेदक को विभाग द्वारा सत्यापन स्थल एवं तिथि/समय की सूचना एसएमएस/दूरभाष के माध्यम से दी जाएगी। इसके उपरांत निर्धारित कलस्टर समितियों द्वारा उक्त आवेदनकर्ता के दस्तावेजों का सत्यापन किया जायेगा। कलस्टर समितियों द्वारा सत्यापन एवं बैंक खातों के सत्यापन उपरांत पात्र आवेदकों को राज्य शासन द्वारा निर्धारित प्रतिमाह राशि 2500 रुपये आवेदक के बैंक खाते में अंतरित किया जायेगा। आवेदक बेरोजगारी भत्ता हेतु किसी भी जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय बलरामपुर अथवा सर्व जनपद पंचायत/नगर पंचायत से संपर्क कर सकते हैं।

बेरोजगारी भत्ता के लिए अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी तथा 01 अप्रैल 2023 की स्थिति में आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए, साथ ही आवेदक 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण तथा रोजगार कार्यालय में पंजीयन 02 वर्ष पुराना होना चाहिए। आवेदक की आय का कोई स्त्रोत ना हो तथा आय प्रमाण पत्र आवेदन तिथि से 01 साल के भीतर बना होना चाहिए।

### जिला रोजगार अधिकारी ने बेरोजगारी भत्ता के लिए आवेदकों से की विशेष अपील

जिला रोजगार अधिकारी ने बेरोजगारी भत्ता का लाभ लेने के लिए आवेदन करने वाले सभी आवेदकों से विशेष अपील की है। अपील करते हुए उन्होंने कहा कि जिन आवेदकों को सत्यापन दल के समक्ष उपस्थित नहीं होने के कारण अनुपस्थित दर्ज कर दिया गया है वे सभी आवेदकों को पुनः सत्यापन हेतु उनके लॉगिन आईडी में सुविधा प्रदान की गई है। आवेदक अपनी लॉगिन आईडी में जाकर अनुपस्थिति का कारण दर्ज करते हुए पुनः सत्यापन हेतु अनुरोध दर्ज कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा है कि सभी आवेदनकर्ता आवेदन करने से पूर्व वांछित उक्त सभी दस्तावेज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के पश्चात् ही आवेदन करें। उन्होंने कहा कि रोजगार पंजीयन, आधार कार्ड, 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है इसके अभाव में पंजीकरण नहीं किया जा सकता।

## गौठान आपके लिये हैं तो देखभाल का दायित्व भी उठाइए : कलेक्टर संजीव झा

- संवाददाता -
कोरबा,22 अप्रैल 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर संजीव कुमार झा ने करतला विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम कनकी, जोगीपाली और ग्राम कटबितला के गौठान का अवलोकन किया। तेज धूप होने के बावजूद उन्होंने पैदल ही एक कोने से दूसरे कोने तक गौठान में न सिर्फ वर्मी कम्पोस्ट निर्माण को देखा, गौठान से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाओं से उनके आजीविका गतिविधियों के संबंध में चर्चा करते हुए उन्हें गौठान में खाली जगहों का सदुपयोग करने की प्रेरणा दी। कलेक्टर ने ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिये प्रेरित करते हुए कहा कि गौठान आप लोगों के लिये बनाया गया है। यहां साग-सब्जी का उत्पादन करिये, खाद बनाइये और जिस तरह अपने घरों की देखरेख और सुरक्षा करते हैं, वैसा ही गौठान का देखभाल करिये। इसे अपनी भी जिम्मेदारी मानिए । कलेक्टर झा ने गौठान का अवलोकन कर निर्देशित किया कि समूह की महिलाओं के लंबित भुगतान शीघ्र कराएं, उन्होंने उपलब्ध वर्मी को सोसायटी को देने, खाद के लिए बोरा उपलब्ध कराने और मापदंडों के अनुसार पैकेजिंग करने, पानी की उपलब्धता के लिए खराब बोर को सुधारने तथा फलदार वृक्षारोपण



कराने के निर्देश देते हुए गौठान को और विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठान में बनाये गए शेड की उपयोगिता सुनिश्चित करने और गौठान में गोबर की बिक्री को बढ़ाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने चारागाह का अवलोकन किया और उद्यानिकी विभाग को पशु चारा हेतु नेपियर घास सहित अन्य पौधे लगाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने ग्राम कटबितला के गौठान में विद्युत कनेक्शन के लिए बिजली विभाग को निर्देशित किया कि बंद लाइट चालू कराएं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री नूतन सिंह कंवर और जनपद सीईओ एम एल नागेश सहित स्थानीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# भारतीय महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम द्विपक्षीय श्रृंखला खेलेगी

**नई दिल्ली ,22अप्रैल 2023।** पहली बार नेत्रहीन महिला क्रिकेट टीम नेपाल के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी, जो 25 से 30 अप्रैल तक नेपाल के पोखरा और काठमांडू में खेली जाएगी।

भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ (सीएबीआई) ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि टीम पांच टी20 मैच खेलेगी।

खेल में महिला खिलाड़ियों के उत्थान के लिए विकलांगों के लिए सीएबीआई और समर्थनम ट्रस्ट के प्रयासों में टूर्नामेंट एक प्रमुख विकास है।

टीम के संभावित खिलाड़ियों का चयन वर्ष के पूर्व में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप से किया गया था और अंतिम टीम का चयन भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय शिविर के बाद किया गया था। टीम की कप्तानी सुषमा पटेल करेंगी जो बी3 कैटेगरी की खिलाड़ी हैं।

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम की ब्रांड एंबेसडर हैं।

मुझे टीम के साथ जुड़कर गर्व और खुशी हो रही है। वे कई युवा लड़कियों के लिए एक प्रेरणा हैं जो अपनी अक्षमताओं को दूर करना चाहती हैं और उच्चतम स्तर पर खेल खेलना चाहती हैं। जब मैं इन लड़कियों को देखती हूं तो मुझे अधिक ऊर्जा मिलती है और इससे मुझे मदद मिलती है।÷ देश के लिए हासिल करने के लिए प्रोत्साहन, हरमनप्रीत को एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया था।

भारत पांच टी20 मैचों में नेपाल से खेलेगा जिसमें पहले दो मैच पोखरा क्रिकेट ग्राउंड, कास्की में खेले जाएंगे और बाकी मैच मुलपानी क्रिकेट ग्राउंड, काठमांडू में खेले जाएंगे।

यह हमारी लड़कियों को समर्थन देने और खेल में सबसे आगे लाने के हमारे निरंतर प्रयासों का परिणाम है। मेरा मानना है कि यह दौरा हमारी टीम के लिए एक अच्छा प्रदर्शन होगा और हम भविष्य में उन्हें इस तरह के कई और दौरे प्रदान करने की उम्मीद करते हैं।÷




यह और अधिक महिलाओं के लिए खेल को सुलभ बनाने और उन्हें खेल को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में पहला कदम है और हमारी टीम भारत में महिला ब्लाइंड क्रिकेट के लिए एक बड़े बदलाव के लिए ट्रेंडसेटर होगी। मैं हमारी लड़कियों को श्रृंखला के लिए शुभकामनाएं देता हूं, डॉ. जी.के. महंतेश, अध्यक्ष, सीएबीआई ने महिलाओं के खेल के उत्थान के प्रयासों के बारे में बात करते हुए कहा।

नेत्रहीनों के लिए महिला द्विपक्षीय टी20 क्रिकेट सीरीज 2023 का उद्घाटन 25 अप्रैल को पोखरा क्रिकेट ग्राउंड में होगा जिसके बाद उद्घाटन मैच होगा। टीम 23 अप्रैल को काठमांडू पहुंचेगी।

हमने बहुत प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के एक पूल से इस श्रृंखला के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ संभावित टीम का चयन किया है। हमें विश्वास है कि ये खिलाड़ी जिन्होंने इतिहास रचा है, पूरे देश को गौरवान्वित करेंगे और मैं अपने खिलाड़ियों को श्रृंखला के लिए शुभकामनाएं देता हूं,÷ ई। जॉन डेविड, महासचिव, सीएबीआई।

रमनप्रीत सिंह वस्तुतः प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए, जबकि जीके महंतेश, अध्यक्ष, सीएबीआई; ई. जॉन डेविड, महासचिव, सीएबीआई श्री शैलेंद्र यादव, सचिव, उत्तरी क्षेत्र, सीएबीआई और सुषमा पटेल, कप्तान, भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम इस अवसर पर उपस्थित थीं।

**भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम की टीमः**

बी1 श्रेणीः किलाका संध्या (आंध्र प्रदेश), यू. वर्षा (कर्नाटक), पद्मिनी टुडू (ओडिशा), सिमू दास (राजस्थान), प्रिया (मध्य प्रदेश), वलसनैनी रवन्नी (आंध्र प्रदेश)

बी2 श्रेणीः गंगवा नीलप्पा हरिजन (उप कप्तान, कर्नाटक), सांद्रा डेविस (केरल), बसंती हंसदा (ओडिशा), प्रीतिबेन देसाई (गुजरात), प्रीति प्रसाद (दिल्ली)

बी3 श्रेणीः सुषमा पटेल (कप्तान, मध्य प्रदेश), फूला सरीन (ओडिशा), गंगा कदम (महाराष्ट्र), दीपिका टीसी (कर्नाटक), झिली बिरुआ (ओडिशा), एम. सत्यवती (आंध्र प्रदेश)

# कंपाउंड मिश्रित टीमे अर्चर्या वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची

**नई दिल्ली ,22अप्रैल 2023।** ज्योति सुरेखा वेनम और पदार्पण कर रहे ओजस देवताले की मिश्रित युगल जोड़ी ने यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण एक में तीन आसान जीत के साथ कंपाउंड वर्ग के फाइनल में जगह पक्की की। इस जोड़ी के फाइनल में पहुंचने के साथ ही भारत के लिए दूसरा पदक पक्का हो गया। स्वर्ण पदक के लिए भारतीय जोड़ी के सामने 12वीं वरीय चीनी ताइपे की जोड़ी की चुनौती होगी। ज्योति और ओजस की जोड़ी ने मलेशिया के फतिन नूरफतेह मेत सालेह और मोहम्मद जुवैदी माजुकी की जोड़ी को 157-154 से हरा कर फाइनल का टिकट कटाया।

अतनु दास, बी धीरज और तरुणदीप राय की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम भी फाइनल में पहुंच चुकी है। भारतीय तिकड़ी रविवार को स्वर्ण पदक के लिए चीन के खिलाड़ियों से भिड़ेगी। धीरज बोम्मादेवरा भी विश्व कप में पुरूषों की रिकर्व स्पर्धा में व्यक्तिगत पदक से एक जीत दूर हैं। उन्होंने तरूणदीप राय को 6 . 4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। विश्व



चैम्पियनशिप की पूर्व रजत पदक विजेता ज्योति महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। देश को उनसे तीसरे पदक की उम्मीद है। मिश्रित युगल में ज्योति और उनके 20 वर्षीय जोड़ीदार को क्वालीफाइंग में दूसरे स्थान पर रहने के कारण दूसरे दौर में बाई मिली।

उन्होंने इसके बाद लक्समबर्ग और फ्रांस के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दो मैचों में जीत दर्ज की। भारतीय जोड़ी ने इन दोनों मैचों में सिर्फ एक अंक गंवाया। ज्योति और ओजस 16 निशाने में से सिर्फ एक बार 10 अंक वाले निशाने से चूके।उन्होंने प्री-क्वार्टर और क्वार्टर दोनों में संभावित 160 में से 159 अंक हासिल किए। लक्समबर्ग ने 157 अंक बनाए, जबकि फ्रांस 156अंक बनाने में सफल रहा। सेमीफाइनल में शुरुआती दो दौर में भारतीय और मलेशियाई टीम क्रमशः 39 और 40 अंक के साथ बराबरी पर थी।

तीसरे दौर में भारतीय जोड़ी ने मेत सालेह औरजुवैदी माजुकी के 37 के मुकाबले 39 अंक बना कर बढ़त कायम की। ज्योति और ओजस ने इसके बाद चौथे दौर में भी 39 का स्कोर बना मुकाबला अपने नाम कर लिया। रिकर्व में भारतीय जोड़ी ने निराश किया। अतनु दास और पदार्पण कर रही भजन कौर की 11वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी2-0 की बढ़त को बरकरार रखने में विफल रही औरनिचली वरीयता प्राप्त डेनमार्क की जोड़ी से 3-5(37-36, 34-35, 35-35, 34-36) हार गयी।



## हॉकी को देश के दूर-दराज इलाके में जाने के लिए हॉकी इंडिया ने शुरू किया कार्यक्रम

**नई दिल्ली ,22अप्रैल 2023।** हॉकी इंडिया ने देश के सभी जिलों को नियमित कोचिंग कैंप और अंतर-जिला प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया है। उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम क्षेत्रों में आयोजित पहली हॉकी इंडिया क्षेत्रिय चैंपियनशिप की सफलता के बाद, राष्ट्रीय खेल महासंघ ने सभी सदस्य राज्य इकाइयों से अपने संबंधित जिला संघों के साथ मिलकर काम करने और हॉकी को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए नियमित गतिविधियों की मेजबानी और प्रतिभा तलाश को सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। इस पहल का नाम 'हॉकी इंडिया का अभियान हर घर हो हॉकी की पहचान' है।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा,'' हमने हाल ही में चार क्षेत्र (उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम) में से प्रत्येक में चार अधिकारियों को तैनात किया है ताकि हमारे राज्य और जिला इकाइयों को यह बताया जा सके कि इन टूर्नामेंटों और कोचिंग शिविरों की मेजबानी करना न केवल खेल को विकसित करने के लिए बल्कि एक मजबूत खेल संस्कृति बनाने के लिए भी जरूरी है। उन्होंने कहा, ''ऐसे टूर्नामेंट खिलाड़ियों को पहचान दिलाने के साथ खेलों में सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देते हैं।'' कार्यक्रम के तहत विभिन्न राज्यों में हॉकी स्टिक और बॉल भी बांटे जायेंगे।

# भारत के आर्यन सिंह ददियाला ने सबसे तेज पुरुष तैराक के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने की बाधाओं को धता बता दिया



**नई दिल्ली ,22अप्रैल 2023।** भारतीय तैराक आर्यन सिंह दादियाला ने बाधाओं को पार करते हुए गलील सागर में सबसे तेज तैरने वाले पुरुष तैराक बन गए। ददियाला ने खराब मौसम का सामना किया, लेकिन अपने लक्ष्य पर अडिग रहे। दूरी तय करने में उन्हें 6 घंटे 15 मिनट का समय लगा।

गलील का सागर दुनिया का दूसरा सबसे निचला जल निकाय है, जो समुद्र तल से लगभग 214 मीटर नीचे है, और भँवर और अनिश्चित हवा के तूफान जैसी कई चुनौतियाँ पेश करता है। 21 वर्षीय ददियाला, जिन्होंने नवंबर 2022 में गोवा में 32 किमी खुले पानी में समुद्र में तैरकर 5 घंटे 36 मिनट में पूरा करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया था, वह गैलील सागर में तैरने वाले पहले एशियाई तैराक हैं। उन्होंने शुक्रवार को सुबह 5.18 बजे तैरना शुरू किया जब यह अंधेरा और बेहद ठंडा था और 11ः33 बजे चुनौतीपूर्ण तैरना समाप्त कर दिया, अपने पहले ही प्रयास में गलील के सागर को तैरने के लिए सबसे तेज पुरुष तैराक के मौजूदा विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।

गाय कोहेन के रिकॉर्ड की बराबरी की आर्यन के पिता सुरजीत ददियाला द्वारा पीटीआई के साथ साझा किए गए रिकॉर्ड के अनुसार, गाय कोहेन ने 2017 में अपने सातवें प्रयास में सबसे तेज एकतरफा तैरने का रिकॉर्ड बनाया था, जिन्होंने इसे ÷देश के लिए गर्व का क्षण÷ कहा था। सुरजीत ने पीटीआई-भाषा से कहा, ÷आर्यन ने तैरने के दौरान कई मौसम संबंधी और शारीरिक चुनौतियों का सामना किया, जैसे कि तेज हवाएं और थकान लेकिन वह दृढ़ था और अपनी तैराकी पर ध्यान केंद्रित कर रहा था।÷

इस कार्यक्रम को गैलीली मैराथन स्विमिंग एसोसिएशन, इज़राइल द्वारा देखा गया और प्रमाणित किया गया और भारतीय राजनयिक पवन के. पाल द्वारा हरी झंडी दिखाई गई, जो तेल अवीव में भारतीय दूतावास में सार्वजनिक कूटनीति प्रभाग का नेतृत्व करते हैं। ÷आर्यन सिंह दडियाला, एक 21 वर्षीय भारतीय तैराक बाधाओं को तोड़ता है और 6 घंटे 15 मिनट में (20.5 किमी लंबाई) में तैरता है।, भारतीय मिशन के एक ट्वीट में कहा गया है।

÷इस युवा प्रतिभा को दृढ़ संकल्प और कौशल के अविश्वसनीय करतब दिखाने के लिए बधाई÷, इसमें कहा गया है। आर्यन ने कहा कि उन्होंने ÷भारत और इज़राइल संबंधों को मजबूत करने÷ के लिए चुनौती ली। उन्होंने कहा कि वह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के दृष्टिकोण से ÷बेहद प्रभावित÷ हैं - 2017 में इज़राइल जाने वाले पहले भारतीय प्रधान मंत्री। तैराक के साथ उनका पूरा परिवार, कोच राहुल चिपलूनकर, गाइड सुबोध सुले और चालक दल पवित्रा थे। पोइलकर इस प्रमुख प्रयास के दौरान और विभिन्न कारणों पर प्रकाश डालते हुए भविष्य में भी ऐसी चुनौतियों का सामना करने के इच्छुक हैं। आर्यन 2018 में दो साल के लिए ओहियो, संयुक्त राज्य अमेरिका में स्पायर इंस्टीट्यूट और अकादमी में चले गए और बाद में उन्हें भारत के लिए अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया गया। सौ से अधिक पदकों के साथ एक चैंपियन तैराक और एक उत्साही धावक भी, युवा खिलाड़ी अपने एथलेटिक कौशल के माध्यम से कई मानवीय कारणों को बढ़ावा दे रहा है।

# एआईएफएफ ने निशिमा कुमारी को एएफसी महिला अंडर-17 एशियाई कप क्वॉलीफायर टीम में शिलजी शाजी की जगह लेने की घोषणा की

**नई दिल्ली ,22अप्रैल 2023।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने झारखंड की निशिमा कुमारी को मिडफील्डर शिलजी शाजी पर हमला करने के लिए किर्गिज गणराज्य-बाउंड इंडिया अंडर -17 महिला टीम के लिए प्रतिस्थापन के रूप में घोषित किया। एएफसी महिला यू-17 एशियन कप क्वालीफ़ायर राउंड 1 टूर्नामेंट।

एआईएफएफ ने 19 अप्रैल को अपने ग्रूप एफ स्थिरता के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत 26 अप्रैल को मेजबान किर्गिज गणराज्य और 28 अप्रैल को म्यांमार से बिश्केक में खेलेगा। टीम ने कोच पीवी प्रिया के तहत जनवरी में चेन्नई में सीनियर और अंडर 20 महिला टीम के साथ अपनी तैयारी शुरू की, इंदौर जाने से पहले जहां वे पिछले 50 दिनों से प्रशिक्षण ले रही हैं।

शिलजी शाजी को कल रात इंदौर के एक अस्पताल में भर्ती कराने के बाद वायरल निमोनिया का पता चला था।

16 वर्षीय शिलजी को अब आगे के परीक्षणों से गुजरने के लिए राष्ट्रीय महासंघ द्वारा दिल्ली लाया जाएगा, और एआईएफएफ की मेडिकल टीम की देखरेख में



उसकी रिकवरी की निगरानी की जाएगी।

शिलजी ने जनवरी की शुरुआत में चेन्नई में शिविर में शामिल होने के बाद से कोच पीवी प्रिया का ध्यान खींचा था। पिछले दो महीनों में, शिलजी बांग्लादेश में एसएएफएफ यू-17 महिला चैम्पियनशिप में 8 अंतरराष्ट्रीय गोल दागकर एक प्रभावशाली आक्रमणकारी मिडफील्डर के रूप में उभरी है। इससे पहले जनवरी में, शिलजी ने दो दोस्ताना मैचों में जॉर्डन पर भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और प्रत्येक में चार गोल किए थे।

दस्तेः सारंगथेम खंबी चानू, अनीशा उरांव, खुशी कुमारी, येंद्रेमबम थोई देवी, तोइजाम थोईबिसाना चानू, निशिमा कुमारी, हीना खातून, विक्षित बारा, जूही सिंह, अखिला राजन, आर्य अनिलकुमार, इरोम सोनिबिया देवी, नोंगमेइकापम शिबानी देवी, लौरेम्बम मेनका देवी , शिवानी टोप्पो, बबीता कुमारी, सिंडी रेमरुतपुई कोलनी, श्वेता रानी, सुलंजना राउल, रेमी थोकचोम, ललिता बोयपाई, काजल कुमारी, पूजा।

ग्रूप एफः

26 अप्रैलः किर्गिज़ गणराज्य बनाम भारत

28 अप्रैलः भारत बनाम म्यांमार। (एएनआई)

# शाहरुख खान की जवान को ठुकराने के बाद फिर उसका हिस्सा बने अल्लू अर्जुन




पठान को मिली बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता के बाद से ही प्रशंसक शाहरुख खान की अगली फिल्म जवान के इंतजार में हैं। एटली के निर्देशन में बनी फिल्म जून में सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है और इससे जुड़ी खबरें आए दिन आती रहती हैं। बीते दिनों खबर आई थी कि साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने जवान का ऑफर ठुकरा दिया। अब कहा जा रहा है कि वह फिर से फिल्म का हिस्सा बन गए हैं। पिछले काफी समय से खबर आ रही थी कि तेलुगू अभिनेता अल्लू ने फिल्म में शाहरुख के साथ काम करने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। हालांकि, एक रिपोर्ट के अनुसार, एक सूत्र ने इन दावों को खारिज करते हुए पुष्टि की है कि पुष्पा स्टार जवान का हिस्सा हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेता ने लगभग एक महीने पहले मुंबई में फिल्म की शूटिंग भी कर ली है। वह फिल्म में कैमियो करने वाले हैं।

हाल ही में शाहरुख की जवान के सेट से तस्वीरें लीक हो गई थीं, जिसके बाद से प्रशंसक बड़े पर्दे पर उन्हें देखने के लिए काफी उत्सुक हो गए थे। इस तस्वीर में अभिनेता एकदम अलग अवतार में नजर आ रहे थे। इसके अलावा शाहरुख की दीपिका पादुकोण के साथ डांस करते हुए तस्वीरें सामने आई थीं, जिसके बाद कहा जा रहा था कि दोनों जवान के एक गाने में साथ दिखाई देंगे। हालांकि, अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

जवान में शाहरुख की जोड़ी साउथ की लेडी सुपरस्टार कही जानी वाली अभिनेत्री नयनतारा के साथ बनी है। दोनों को पहली बार बड़े पर्दे पर देखने के लिए दर्शक भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इनके अलावा फिल्म में सान्या मल्होत्रा और सुनील ग्रोवर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे, वहीं विजय सेतुपति का कैमियो होगा। कहा रहा है कि 2 जून को रिलीज होने वाली फिल्म का टीजर मई के शुरुआत में जारी होगा।

# रेड शिमरी आउटफिट में जैकलीन फर्नांडिस ने गिराई हुस्न की बिजलियां

जैकलीन फर्नांडिस अपनी ग्लैमरस अदाओं और खूबसूरती से फैंस के दिलों पर कहर बरपाने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनकी किलर तस्वीरें सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस रेड कलर की शिमरी आउटफिट में गजब की बला लग रही हैं। रेड कलर की शिमरी आउटफिट में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं।



स्लीवलेस आउटफिट में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस अपना फ्लैट टमी फ्लॉन्ट कर रही हैं। रेड लिपस्टिक और ओपन हेयर स्टाइल में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस का स्टाइलिस अंदाज फैंस के दिलों को बेताब किए हुए है। जैकलीन फर्नांडिस ने अपनी लेटेस्ट आउटफिट से फैंस के दिलों को बेताब कर रखा है, जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने इस लेटेस्ट आउटफिट में अपने कई किलर पोज दिए, जो फैंस को काफी पसंद आ रहे हैं। जैकलीन फर्नांडिस की तस्वीरें इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होती हैं। उनकी तस्वीरों पर फैंस बेशुमार प्यार लुटाते हैं। एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, उनके इंस्टाग्राम पर 66.2 मिलियन फॉलोवर्स हैं। जैकलीन फर्नांडिस इस आउटफिट को देखकर हर कोई हैरान रह गया। लेटेस्ट तस्वीरों में एक्ट्रेस काफी बोल्ड और ग्लैमरस नजर आ रही हैं। जैकलीन पिछले कुछ दिनों में मनी लॉन्ड्रिंग के केस में फंसी हुई हैं। जिसको लेकर एक्ट्रेस के खिलाफ समन भी जारी हो चुका है।



# अब मेजर ध्यानचंद का किरदार निभाएंगे विक्की कौशल

प्रोड्यूसर रॉनी स्क्रूवाला ने काफी समय पहले हॉकी के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की बायोपिक की घोषणा की थी। तब चर्चा थी कि इस फिल्म में ईशान खट्टर ध्यानचंद की भूमिका में नजर आएंगे। इसके बाद लंबे समय तक फिल्म को लेकर कोई अपडेट नहीं आया। अब चर्चा है कि फिल्म में विक्की कौशल ध्यानचंद का किरदार निभाएंगे। विक्की इससे पहले भी कई बायोपिक और असल घटनाओं पर आधारित फिल्मों में नजर आ चुके हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म में विक्की मुख्य भूमिका निभाएंगे। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने पोर्टल को बताया, जब विक्की ने स्क्रिप्ट सुनी तो वह बहुत प्रभावित हुए। वह इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी उत्साहित हैं। दोनों के बीच बातचीत आगे बढ़ चुकी है। हालांकि, वे शूटिंग शेड्यूल और कुछ औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ही आधिकारिक निर्णय लेंगे। यह विक्की और रॉनी की चौथी साझेदारी होगी।

मेघना गुलजार की फिल्म राजी 2018 में आई थी। यह फिल्म भारतीय जासूस सहमत की कहानी थी, जिसका किरदार आलिया भट्ट ने निभाया था। फिल्म में आलिया के साथ विक्की भी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। विक्की ने फिल्म में सहमत के शौहर और एक पाकिस्तानी सैन्य अफसर की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म हरिंदर सिक्का की किताब कॉलिंग सहमत पर आधारित थी। इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

रणबीर कपूर स्टारर संजू 2018 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म दिग्गज अभिनेता संजय दत्त की बायोपिक है। फिल्म में विक्की सहायक भूमिका में नजर आए थे। उन्होंने संजय के करीबी दोस्त कमली का किरदार निभाया था। कमली संजय की जिंदगी का अहम हिस्सा रहे हैं और हर उतार-चढ़ाव में उनका साथ दिया। विक्की के इस किरदार को निभाने के बाद हर कोई कमली के बारे में सर्च करने लगा था। संजू अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक 2019 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म 2016 में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में की गई सर्जिकल स्ट्राइक पर आधारित है, जिसमें विक्की ने मुख्य भूमिका निभाई है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी यह फिल्म देशभक्ति से सराबोर वॉर फिल्म है। इस फिल्म में विक्की ने मेजर विहान शेरगिल का किरदार निभाया था, जिसने इस मिशन का नेतृत्व किया था। इस फिल्म को आप जी5 पर देख सकते हैं।

हाल ही में विक्की ने इस फिल्म की शूटिंग खत्म की है। यह फिल्म फील्ड मार्शल सैम मानेक शॉ की बायोपिक है। राजी के बाद एक बार फिर से विक्की और मेघना गुलजार साथ काम कर रहे हैं। सान्या मल्होत्रा फिल्म में उनकी पत्नी का किरदार निभा रही हैं, वहीं फतिमा सना शेख भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में दिखने वाली हैं। यह फिल्म इस साल 1 दिसंबर को रिलीज होगी।

# कृषि अभियांत्रिकी के पृथक संचालनालय बनाने की घोषणा

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कृषि विश्वविद्यालय परिसर में कृषक सभागार भवन, नवनिर्मित क्लस्टर क्लासरूम भवन,महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कैम्प कार्यालय का उद्घाटन किया

- » मुख्यमंत्री ने गांव की माटी, देवी-देवताओं और ठाकुर देव की पूजा की
- » मुख्यमंत्री ने बीज बुवाई संस्कार के तहत लौकी, सेम, तोरई के बीज बोये
- » मुख्यमंत्री श्री बघेल ने गौ माता को चारा खिलाया
- » श्री बघेल ने धान की कोठी से बीज लाकर पूजा की
- » मुख्यमंत्री ने अच्छी फसल के लिए धरती माता से कामना की



**रायपुर,22अप्रैल2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित अक्ती तिहार एवं माटी पूजन दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने इस शुभ अवसर पर गांव की माटी, देवी-देवताओं और ठाकुर देव की पूजा की और बीज बुवाई संस्कार के तहत लौकी, सेम, तोरई के बीज बोये। मुख्यमंत्री ने अच्छी फसल के लिए धरती माता से कामना करते हुए कोठी से धान के बीज लाकर पूजा की और गौ-माता को चारा भी खिलाया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धरती माता से राज्यवासियों के धन-धान्य से भरे रहने की कामना की। अक्ति तिहार के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्रैक्टर चलाकर खेत की जुताई की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कृषि विश्वविद्यालय परिसर में कृषक सभागार भवन, नवनिर्मित क्लस्टर क्लासरूम भवन, महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कैम्प कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कृषकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जैसे हम अपने स्वास्थ्य की चिंता करते हैं वैसे ही धरती माता की भी चिंता करनी चाहिए। हमें कृषि में रासायनिक खाद का उपयोग कम कर जैविक खेती की तरफ बढ़ना चाहिए। हम जो भी सुविधा ले रहे हैं सभी प्रकृति से मिल रही हैं। अक्ति और माटी पूजन त्यौहार धरती के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करने का त्यौहार है। हमें यह सोचना चाहिए कि प्रकृति से हम जितना ले रहें हैं उसके बदले में धरती को क्या वापस कर रहे हैं। अक्ति त्यौहार के अवसर पर खेती-किसानी का कार्य शुरू करने के लिए धरती माता से प्रार्थना कर हम उनसे अनुमति लेते हैं तब कुदाल चलाते हैं। धरती माता को जो क्षति होती है उसके लिए हम क्षमा मांगते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कृषि अभियांत्रिकी के पृथक संचालनालय बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने अक्ति तिहार और भगवान परशुराम जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान परशुराम ने ही अक्षयपात्र का निर्माण किया था। ऐसा माना जाता है कि भगवान परशुराम ने कृषि के क्षेत्र में भी कई शोध किए। उनका फरसा युद्ध के साथ खेती-किसानी में भी उपयोगी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान प्रदेश है यहां कि 70 से 80 प्रतिशत लोग आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर हैं। प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित होने के कारण राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए कई नई योजनाएं संचालित कर उन्हें समृद्ध करने का कार्य किया है। इससे इन चार सालों में कृषि उत्पादन में अत्यधिक वृद्धि हुई है।

# जल बंटवारे को लेकर दो राज्यों विवाद

## छत्तीसगढ़ और उड़ीसा राज्य के जल बंटवारे मामले को सुलझाने पहुंचे अभिकरण के अध्यक्ष

**रायपुर/दुर्ग,22अप्रैल2023 (ए)।** महानदी जल बटवारे को लेकर न्यायलय के निर्देश पर अभिकरण के अध्यक्ष जस्टिस एएम खानविलकर और सदस्य जस्टिस रवि रंजन, जस्टिस इन्द्रमीत कौर और जस्टिस एके पाठक सिंचाई योजना का निरीक्षण करने दुर्ग पहुंचे। मालूम हो कि दो राज्यों के जल बटवारें को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है।

छत्तीसगढ़ और उड़ीसा राज्य के बीच चल रहे महानदी जल बटवारे के विवाद को लेकर बने जल विवाद अभिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों की टीम दुर्ग पहुंची हुई है। टीम ने यहां धमधा ब्लॉक अंतर्गत टेमरी लघु सिंचाई योजना का निरीक्षण किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग और उड़ीसा के अधिकारी भी उपस्थित रहे।



बताया जाता है कि महानदी जल बटवारे का मामला न्यायालय में काफी दोनों से लंबित है। इस मामले को सुलझाने के लिए न्यायालय के आदेश पर महानदी जल विवाद अभिकरण का गठन किया गया था। इस अभिकरण के अध्यक्ष जस्टिस एएम खानविलकर और सदस्य जस्टिस रवि रंजन, जस्टिस इन्द्रमीत कौर और जस्टिस एके पाठक हैं। सभी न्यायाधीश दुर्ग जिले के धमधा ब्लॉक अंतर्गत टेमरी गांव स्थित टेमरी लघु सिंचाई योजना का निरीक्षण करने शुक्रवार को पहुंचे थे। न्यायाधीशों को पहले चरण में 18 से 22 अप्रैल 2023 तक यहां की योजनाओं का निरीक्षण करना था। जिसमें 21 अप्रैल को इन्होंने दुर्ग जिले की योजना का निरीक्षण पूर्ण कर उन्होंने जल संसाधन विभाग छत्तीसगढ़ शासन के अधिकारियों और इंजीनियर्स से सिंचाई योजना के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान दोनों राज्यों के अधिकारी रहे मौजूद

अभिकरण के अध्यक्ष और सदस्यों के साथ नरीक्षण में छत्तीसगढ़ और उड़ीसा राज्य के जल संसाधन विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। इसमें छत्तीसगढ़ से जल संसाधन विभाग के सचिव अनबलगन पी., दुर्ग कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा, प्रमुख अभियंता इन्द्रजीत उईके, मुख्य अभियंता महानदी जलाशय परियोजना राकेश नगरिया, मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार रायपुर समीर जार्ज, अधीक्षण अभियंता दिनेश कुमार भगोरिया, कार्यपालन अभियंता सुरेश कुमार पाण्डेय उपास्थि थे।



# रायपुर सेन्ट्रल जेल समेत कई जेल अधीक्षकों का हुआ तबादला

**रायपुर,22अप्रैल2023(ए)।** राज्य में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी हुई है। प्रशासन ने रायपुर सेन्ट्रल जेल समेत कई जेल अधीक्षकों का तबादला कर दिया है। जेल विभाग की ओर से इसके लिए आदेश जारी कर दिया गया था। राज्य सरकार ने रायपुर सेंट्रल जेल के अधीक्षक योगेश सिंह क्षत्री और उप जेल अधीक्षक एमएन प्रधान का हटा दिया है। क्षत्री का तबादला सेंट्रल जेल अंबिकापुर और प्रधान का तबादला महासमुंद किया गया है।.

# हेट स्पीच मामले में बीजेपी नेता पर जुर्म दर्ज

- » बिरनपुर हिंसा मामले में सोशल मीडिया में किया था पोस्ट




**बिरनपुर,22अप्रैल2023(ए)।** बिरनपुर घटना से संबंधित हेट स्पीच की शिकायत के एफ आई आर दर्ज की गई है. मामला सिविल लाइन थाने का है . भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ने आपने सोशल अकाउंट में घर में आग लगने वाले वीडियो में आपत्तिजनक शब्द लिखकर पोस्ट शेयर किया था।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शुभांकर द्विवेदी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है. भाजपा नेता ने बिरनपुर घटना पर आपने फसेबाक अकाउंट पर वीडियो के साथ आपत्तिजनक पोस्ट डाला था. वही इस मामले में कांग्रेस के प्रवकतो ने पुलिस ने शिकायत की थी जिसके बाद कुछ भाजपा नेताओ को नोटिस भी जारी कर सब को थाने तालाब किया, नोटिस के जवाब देने के बाद जांच की गई और फिर सिविल लाइन थाने में भाजप के युवक नेता शुभांकर द्विवेदी के विरुद्ध सोशल मीडिया में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने तथा वैमनस्यता बढ़ाने के पोस्ट करना पाए जाने पर अपराध कायम किया गया है. शुभांकर द्विवेदी और भी थाने में आपराधिक मामले दर्ज है।



# महंगाई भत्ता बढ़ा

- » राज्य के इन कर्मचारियों का 4 फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ा
- » अब 42 फीसदी होगा डीए

**रायपुर,22अप्रैल2023(ए)।** राज्य में बिजली कर्मियों का महंगाई भत्ता 4 फीसदी बढ़ा दी गयी है। इस बाबत छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड ने आदेश जारी कर दिया है। 1 जनवरी 2023 से राज्य के बिजली कर्मियों का महंगाई भत्ता 38 फीसदी से बढ़ाकर 42 फीसदी हो जायेगा।

# बिलासपुर-भोपाल फ्लाइट बंद

- » हाईकोर्ट ने एएआई से मांगा जवाब



**बिलासपुर , 22 अप्रैल2023 (ए)।** बिलासपुर-भोपाल फ्लाइट बंद किए जाने पर हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने कड़ा रुख अपनाया है. कोर्ट ने एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया (एएआई) से पूछा है कि बिलासपुर-भोपाल उड़ान को बंद किए जाने पर अलायंस एयर के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है, और अनुबंध की शर्तों को न मानने के खिलाफ कार्रवाई का क्या प्रावधान है. इसके साथ ही अलायंस एयर को अलग से नोटिस जारी किया गया है. मामले की अगली सुनवाई मई के दूसरे सप्ताह में तय की गई है.

बिलासपुर-भोपाल और बिलासपुर-इंदौर की फ्लाइट बंद किए जाने को लेकर लगाई गई जनहित याचिका की सुनवाई जस्टिस गौतम भादुड़ी व जस्टिस पी सैम कोशी की डिवीजन बेंच में हुई. एएआई की ओर से प्रस्तुत जवाब में यह बताया गया कि बिलासपुर-भोपाल उड़ान को बंद कर बिलासपुर-इंदौर उड़ान शुरू तो की गई थी, परंतु उसे उड़ान योजना का दर्जा नहीं दिया गया था, इसलिए उसमे वीजीएफ सब्सिडी नहीं दी गई. विमान सेवा को बंद करना अलायंस एयर का व्यावसायिक निर्णय है. हालांकि, एएआई ने स्वीकार किया कि बिलासपुर-भोपाल उड़ान बंद करना सही नहीं है, और उसे नोटिस देने की तैयारी चल रही है. सुनवाई में सेना के कब्जे वाली 1012 एकड़ जमीन की वापसी का मामला भी उठा. खंडपीठ ने पूछा कि यदि केंद्र और राज्य दोनों सैद्धांतिक रूप से जमीन वापसी के लिए सहमत हो चुके हैं तो इस पर समयबद्ध कार्यक्रम होना चाहिए. खंडपीठ ने पारित आदेश में इसके लिए 45 दिन का समय देते हुए कहा कि जनहित के कार्य के लिए यथाशीघ्र ठोस कदम उठाये जाने चाहिए. सभी पक्षों को सुन कर खंडपीठ ने पूरी 1012 एकड़ जमीन एक बार में ही वापस लेने के प्रस्ताव को उचित माना.



# राशन लेने के लिए पहुंचे 2 नक्सली ढेर

**रायपुर,22अप्रैल2023(ए)।** मध्यप्रदेश के बालाघाट में शनिवार तडक़े एक मुठभेड़ में पुलिस जवानों ने दो महिला नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों के घायल होने की जानकारी के आधार पर पुलिस अब भी जंगल का मुआयना कर रही है। मारी गई महिला नक्सली मूलतः बस्तर के रहने वाले हैं। दोनों पर क्रमशः 14-14 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। मुठभेड़ में ढ़ेर हुए महिला नक्सली की सुनिता और सरिता के रूप में शिनाख्ती हुई है।

मिली जानकारी के मुताबिक गढ़ी क्षेत्र के कदला गांव में कुछ नक्सली राशन लेने के लिए पहुंचे थे। पुलिस को इसकी भनक लगी। बीती रात करीबन 3 बजे गांव के बाहर के जंगल में नक्सली और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें हॉकफोर्स के जवानों ने बहादुरी के साथ लड़ते हुए दो महिला नक्सली को मार गिराया। मौके पर खून के धब्बे के आधार पर अन्य नक्सलियों के घायल होने की आशंका जताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक मारी गई नक्सली सुनिता भोरमदेव दलम की एरिया कमेटी मेम्बर है। वह 2015 में एमएमसी जोन में माड से पहुंची थी। टांडा दलम में वह लगभग एक साल काम करने के बाद विस्तार दलम में शामिल हो गई।

इसी तरह दूसरी नक्सली सरिता 2016 में लाई गई थी। वह कबीर के साथ रहते हुए विस्तार दलम में काम कर रही थी। सरिता खटियामोचा दलम की सदस्य है। पुलिस ने घटनास्थल से थ्री-नॉट-थ्री हथियार और कारतूस, दैनिक उपयोग का सामान और अन्य सामान जब्त किए हैं। पुलिस का दावा है कि वारदात के बाद घायल नक्सलियों की खोजबीन चल रही है। पिछले 10 माह के भीतर बालाघाट पुलिस ने अब तक 8 नक्सलियों को मार गिराया है।

# छत्तीसगढ़ के इस जिले में हुआ अनोखा विवाह

- » दुल्हन से शादी करने बारात लेकर अस्पताल पहुंच गया दूल्हा
- » अनोखी शादी का गवाह बने डॉक्टर और नर्स



**जांजगीर/चांपा 22 अप्रैल 2023।** आप सभी ने विवाह फिल्म तो देखी होगी। इस फिल्म में एक्ट्रेस बुरी तरह जल जाती है जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया जाता है। दुल्हन के परिवार को लगता है कि अब शादी नहीं होगी लेकिन अचानक एक्टर बारात लेकर अस्पताल पहुंचता है और दुल्हन से वहीं शादी कर लेता है। ये वाक्या अब तक हमने फिल्म में ही देखा था लेकिन अब असल में भी ऐसा देखने को मिला है। ये नजारा और कहीं नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिला में देखने को मिला। इस अनोखी शादी का गवाह बना अस्पताल और वहां के डॉक्टर, नर्स। दूल्हे ने अस्पताल में परिजन, डॉक्टर और हॉस्पिटल स्टाफ के सामने दुल्हन के साथ 7 फेरे लिए। जिसकी चर्चा अब पूरे प्रदेश में हो रही है। हर कोई इस शादी की तारीफ कर रहा है।

दरअसल ये सब युवती की तबीयत बिगड़ने के चलते हुआ है। बैजलपुर की रहने वाली रश्मि उर्फ लक्ष्मी पिता अगरदास महंत की शादी सक्ती जिले के परसाडीह गांव निवासी राज उर्फ बंटी से तय हुई थी। दोनों की शादी 20 अप्रैल को होनी थी। लेकिन कुछ दिन पहले लड़की की तबीयत बिगड़ गई। युवती को शहर के श्री नर्सिंग होम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां जांच करने पर पता चला कि रश्मि की बड़ी आंत में छेद है, डॉक्टरों ने कहा कि समय रहते अगर ऑपरेशन नहीं करवाया जाता है तो लड़की को दिक्कत हो सकती है। इसके बाद लड़के वालों ने ही लड़की को अस्पताल में भर्ती कराकर ऑपरेशन कराने का फैसला लिया। गुरुवार को दूल्हा बारात लेकर अस्पताल पहुंच गया। जहां पूरे विधि विधान के साथ शादी हुई।

शादी की सभी रस्में अस्पताल में ही पूरी की गई। इस नेक काम में अस्पताल प्रबंधन ने सभी का सहयोग किया और दूल्हे और उसके परिवार की जमकर सराहना की। बताया जाता है कि पत्नी घर पर रहती है वहीं पति किसानी का काम करता है।

# चार आंख वाली दुर्लभ प्रजाति की मिली मछली

**जांजगीर/चांपा 22 अप्रैल 2023।** छत्तीसगढ़ में अजीबोगरीब मछली पाई गई है. इस मछली के चार आंख और एरोप्लेन जैसे पंख हैं. इस मछली का नाम 'सकर माउथ कैटफिश' है। यह मछली मुख्यत अमेरिका के अमेजन नदी में पाई जाती है. जानकारों की माने तो यह मछली मांसाहारी होती है।

यह छोटे जलीय-जीवों मा भक्षण करके नदी के पर्यावरण तंत्र को बिगाड़ देती है। यह मछली, जांजगीर-चांपा के एक युवक के हाथ आई है। वह नदी में मछली पकडऩे के लिए गया था। खास बात यह है कि मछली अमेरिका की अमेजन नदी में पाई जाती है। भारत में इसका मिलना अत्यंत दुर्लभ है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, यह मछली की अंतराष्ट्रीय बाजार में बहुत कीमती है। फि लहाल युवक ने मछली को अपने घर में ही रखा है। उसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड जुट रही है। मामला बिर्रा क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, स्थानीय निवासी कुणाल केंवट जोखैया डबरी में मछली पकडऩे गया था। इस दौरान उसके जाल में चार



आंख वाली मछली फंस गई। ऐसी मछली देखकर कुणाल उसे घर ले आया। उसने एक टब में पानी भरकर मछली को रखा है। मछली की आंखें सिर से थोड़ी अधिक ऊपर हैं। उसके पंख एयरोप्लेन के आकार में हैं। उसकी बनावट और रंग सामान्य मछली से अलग है। देखने में यह मछली सुंदर दिख रही है। फि लहाल यह अनोखी मछली लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।छत्तीसगढ़ में मिलना चिंता - जानकारों ने बताया कि अजीब सी मुंह वाली ये मछली अमेरिका के अमेजन नदी में पाई जाती है। अंतराष्ट्रीय बाजार में इस मछली की कीमत बहुत ज्यादा है। यह तेजी से बढने वाली सरिसृप है। इसका आकार बड़ा होने की वजह से यह मछली पालकों के लिए लाभदायी होती है।

आम तौर पर इसकी तीन किस्में वाइल्ड, ब्लू टाइगर और ब्लैक टाइगर पाई जाती हैं। हालांकि छत्तीसगढ़ में इन मछलियों का मिलना ठीक नहीं हैं। इनका असली घर यहां की नदियां नहीं हैं। अब सवाल उठता है कि हजारों किलोमीटर दूर अमेरिका के अमेजन नदी में पाई जाने वाली मछली छत्तीसगढ़ में कैसे पहुंची।

बताया जा रहा है कि यह मछली नदियों के लिए खतरा है। यह मांसाहारी मछली होती है जो छोटे जलीय जीवो का भक्षण करके नदी पर्यावरण तंत्र को बिगाड़ देती है। यह मछली परिस्थितिकी तंत्र का विनाश कर सकती है।




# स्वास्थ्य विभाग में बड़े पैमाने पर हुआ तबादला

**रायपुर,22अप्रैल2023(ए)।** राज्य की बड़ी खबर सामने आई है। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य विभाग में बड़े पैमाने पर तबादले हुआ हैं। राज्य सरकार ने 25 नर्सों का तबादला किया है। जिला अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अलग-अलग काम में नर्सों के तबादले हुए हैं.

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)